


सांध्य दैनिक
RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 15 अंक - 102 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 24 जनवरी 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर



### माता कौशल्या की मूर्ति को लेकर सियासत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बदलने के साथ ही ऐसा माना जा रहा था कि प्रदेश में कई सांस्कृतिक बदलाव देखने भी मिलेंगे। जिसको लेकर कई बार बीजेपी ने संकेत भी दिए थे। इसमें सबसे पहला उदाहरण राजिम का आया जिसे भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सबसे पहले राजीव पुन्नी मेला का नाम बदलकर फिर से राजिम कुंभ रखा। जिसके पीछे भारतीय जनता पार्टी का यह मानना था कि कुंभ के नाम पर राजिम को राष्ट्रीय पहचान मिलेगी। इसी तरह से भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन कौशल्या माता के चंदखुरी धाम को लेकर एक बड़े बदलाव की बात कही है। भारतीय जनता पार्टी ने यहां की प्रतिमा बदलने की बात कही है।

बता दें कि बीते 22 जनवरी के दिन चंदखुरी स्थित माता कौशल्या मंदिर में भव्य आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के नेता मंत्री बृजमोहन अग्रवाल सहित विधायक भी मौजूद रहे। इस बीच ऐसी खबर सामने आ रही है कि कौशल्या माता के चंदखुरी धाम को लेकर यहां के प्रतिमा को बदलने की बात प्रदेश के धर्वस्त्र मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कही है। सरकार के इस फैसले के बाद एक बार फिर से प्रदेश में पक्ष और विपक्ष आमने-सामने आ गया है। छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के इस बयान के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने सरकार को घेर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कभी मूर्ति बदलना, कभी नाम बदलना यह भाजपा सरकार का एकमात्र काम है??। बीजेपी के पास इसके सिवाय अब कोई काम नहीं बचा है। दीपक बैज ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी को कांग्रेस को कोसने के सिवाय प्रदेश के हित में कुछ अच्छे काम करने चाहिए।

### जस्टिस अरविंद वर्मा को चीफ जस्टिस रमेश सिंह ने दिलाई शपथ

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट के चीफजस्टिस रमेश सिंह ने नवनियुक्त जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा को शपथ दिलाई। जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा का जन्म अंबिकापुर में हुआ,



उनकी शिक्षा अम्बिकापुर से ही हुई, इस सफलता पर उन्होंने अपने माता-पिता को याद किया। इस मौके पर महाधिवक्ता प्रफुल्ल भारत, अधिवक्ता सुनील ओटवानी, अखण्ड प्रताप व छग हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उमाकांत सिंह चंदेल ने उनका स्वागत किया।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने बीते चार जनवरी को न्यायिक अधिकारी अरविंद कुमार वर्मा को हाईकोर्ट का न्यायाधीश बनाने का प्रस्ताव भेजा था। जिसके बाद केंद्र सरकार अरविंद कुमार वर्मा को हाईकोर्ट का जज बनाने की मंजूरी दे दी। अब छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में कुल जजों की संख्या 16 हो गई है, छग हाईकोर्ट में जजों के 22 पद स्वीकृत हैं।

## अयोध्या के रामभक्तों को छत्तीसगढ़ की एक और सौगात

# दो महीने का भंडारा कराएगा छत्तीसगढ़





श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

रायपुर। अयोध्या स्थित नए मंदिर में रामलला की स्थापना के साथ ही वहां भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है। देशभर के लाखों रामभक्त अब रोजाना भगवान रामलला के दर्शनार्थ अयोध्या पहुंच रहे हैं। मंगलवार को ही आम लोगों के लिए रामलला का दरबार खोले जाने के बाद करीब 5 लाख लोगों ने दर्शन किए। इस बीच, छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर रामभक्तों के लिए बड़ा निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ की ओर से अयोध्या में लगातार दो महीने यानी 60 दिनों तक भंडारा कराया जाएगा। भंडारे की शुरूआत 26 जनवरी से होने जा रही है। इसके लिए आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भंडारा टीमों को अयोध्या के लिए रवाना किया।

राममला के भक्तों की सेवा के लिए हर राज्य के लोग और उनकी सरकारें तत्पर नजर आ रही हैं। यही वजह हैं कि प्राण-प्रतिष्ठा से पहले सभी राज्यों से बड़े पैमाने पर जरूरी सामान अयोध्या भेजे गए थे। छत्तीसगढ़ से भी 300 टन सुगन्धित चावल अयोध्या भेजा गया था। प्रदेश के इसी चावल से भगवान राम को भोग भी लगाया गया। प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय ने राममंदिर परिसर से चावल की खेप वाले ट्रकों को रवाना किया था। उन्होंने यह भी कहा था कि आने वाले दिनों में प्रदेश की तरफसे भगवान् रामलला की सेवा के लिए और भी कदम उठाये जायेंगे। छत्तीसगढ़ से ही 100 टन सब्जियां भी अयोध्या भेजी गई थी। राज्य से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामलला के दर्शनार्थ अयोध्या गए थे। यह क्रम अब भी जारी है।

इन सबके बीच छत्तीसगढ़ सरकार अयोध्या में दो महीने का भव्य भंडारा आयोजित करने जा रही है। इसकी शुरूआत गणतंत्र दिवस यानी 26 जनवरी से होगी, जो कि अनवर 25 मार्च तक जारी रहेगा। इस भव्य भंडारे की देखरेख के लिए 6 समितियां निर्धारित की गई है। भंडारे की इन टीमों में भोजन बनाने वाले 30 रसोइए और 100 कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। आज राम मंदिर परिसर से सीएम विष्णुदेव साय ने इस टीम को अयोध्या के लिए रवाना किया। जिन समितियों को अयोध्या में सेवाएं देने के लिए तय किया गया है, इनमें नीलांचल सेवा समिति बसना, पुरुषोत्तम अग्रवाल फाउंडेशन रायपुर, शिव महापुराण सेवा समिति तिल्दा नेवरा, एग्रोक्रेट सोसायटी फॉर रूरल डेवलपमेंट रायपुर, सनातन सेवा समिति रायपुर, और काली माता अन्नदान भंडारा समिति और तक्षक इको फॉर्म भोरमदेव शामिल है।

### सरयू नदी, हनुमानगढ़ के पास बना पंडाल

अयोध्या में सरयू नदी और हनुमानगढ़ के पास 6 संस्थाओं का भव्य पंडाल बनाया गया है। दो माह तक चलने वाले इस भंडारे में भोजन बनाने वाले 30 रसोइयों और 100 कार्यकर्ताओं की टीम को बस के माध्यम से 24 जनवरी को दोपहर 12 बजे सीएम विष्णुदेव साय ने वीआईपी रोड स्थित रामजी मंदिर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अयोध्या में रामलला के मंदिर को आम लोगों के लिए खोले जाने के बाद वहां भारी संख्या में लोग जुट रहे हैं। हालांकि स्थानीय प्रशासन और विविध राज्यों ने अपने-अपने स्तर पर कई तरह के इंतजामात किए हैं, लेकिन श्रीरामलला की आराधना और उनके भक्तों की सेवा में भगवान रामलाल का ननिहाल कैसे पीछे रह सकता है। बताया जा रहा है कि बड़ी संख्या में भक्तों के पहुंचने की वजह से वहां चाय-नाश्ता, भोजन जैसी मूलभूत दिक्कतें पेश आ रही है। छत्तीसगढ़ की ओर से लगाए जा रहे भंडारे के चलते भक्तों को वहां काफी राहत मिलेगी।

### भोज के साथ शबरी प्रसाद भी...

श्रीराम के ननिहाल यानी छत्तीसगढ़ की ओर से अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को भोजन तो कराया ही जाएगा, साथ ही माता शबरी के प्रसाद का वितरण भक्तों को किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने आज रसोइयों और कार्यकर्ताओं से भरी बस को अयोध्या के लिए रवाना किया। बता दें कि रामभक्तों के 500 साल के लंबे संघर्ष और इंतजार के बाद 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्रीराम अपनी जगह विराजित हो गए हैं। जिसके बाद पूरा देश राममय हो गया। पहले दिन ही रामलला के दरबार में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। बताया जा रहा है कि करीब 5 लाख से ज्यादा लोगों ने राम मंदिर के दर्शन किए। वहीं अब छत्तीसगढ़ सरकार ने अयोध्या में भंडारे के आयोजन की तैयारी पूरी कर ली है।

### इस समय होंगे श्रीराम लला के दर्शन

अयोध्या में श्रीराम मंदिर में श्रीराम लला की प्रतिमा स्थापित होने के बाद मंदिर कमेटी द्वारा नया शेड्यूल जारी किया गया है। इस शेड्यूल के अनुसार मंदिर सुबह 7 बजे से साढ़े 11:30 बजे तक दर्शन के लिए खुलेगा। इसके उपरांत दोपहर 12 बजे बाद आरती। प्रभु के भोग और विश्राम के लिए मंदिर ढाई घंटे बंद रहेगा। दोपहर 2 बजे से फिर मंदिर खुलेगा और शाम 7 बजे तक दर्शन होंगे।भीड़ को देखते हुए ट्रस्ट दर्शन मंदिर की टाइमिंग बढ़ाने पर विचार कर रहा है। दरअसल, बड़ी संख्या में रामभक्तों के पहुंचने से पूरे क्षेत्र में अव्यवस्था के हालात बन गए थे। अब इन्हीं हालातों को नियंत्रित करने के लिए स्थानीय प्रशासन और मंदिर समिति ने कई तरह के निर्णय लिए हैं।



## इंडिगो ने रद्द की फ्लाइट यात्रियों ने किया हंगामा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर एयरपोर्ट पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब दिल्ली मुंबई और बैंगलूरु की फ्लाइट कैंसिल हो गई। इसके बाद यात्रियों ने जमकर हंगामा मचाया गया। यात्रियों द्वारा बताया जा रहा है कि रायपुर से इंडिगो की 6 ई 5215 दिल्ली और 6 ई 0979 बैगलुरू समेत मुंबई की फ्लाइट इंडिगो पहले मौसम खराब होने के कारण देरी से चल रही है। बताया उसके बाद बिना किसी सूचना के तीनों फ्लाइट कैंसल कर दी गई, जिससे तीनों फ्लाइट के यात्रियों ने एयरपोर्ट पर जमकर हंगामा मचाया।

यात्रियों के मुताबिक कई लोगों की दिल्ली बैंगलूरू से हांगकांग, दुबई समेत कई कनेक्टिंग फ्लाइट है जो इंडिगो की लापरवाही से छुट जायेगी। रायपुर एयरपोर्ट पर मौजूद इंडिगो कर्मचारियो द्वारा यात्रियों को कोई सही जवाब समेत कोई व्यवस्था नहीं कर रहा था। यात्रियों का कहना है कि पहले सिर्फ इंटरनेशनल फ्लाइट ज्वाइन करने वालो को ही होटल समेत कई अन्य सुविधाएं दे रहे थे लेकिन यात्रियों के जमकर हंगामा करने के बाद सभी को सुविधाए देने को तैयार हुए। इंडिगो की तीनों फ्लाइट कैंसल होने की वजह से ठंड में बडी संख्या में बुजुर्ग महिला समेत बच्चे काफी परेशान हुए।

इतना ही नहीं यात्रियों का आरोप है कि इंडिगो के अधिकारी होटल ले जाने के लिए जबरदस्ती एयरपोर्ट के अंदर से ठंड में बाहर ले आए, लेकिन कई घंटे तक टैक्सियां अरेंज नहीं कर पाए जिससे बच्चों, बुजुर्गो और महिलाओं के साथ आए लोगों की इंडिगो के अधिकारियों से जमकर बहस भी हुई। फिलहाल देर रात तक इंडिगो कर्मचारियो ने यात्रियो को होटल पहुंचाया और बुधवार शाम तक दूसरी फ्लाइट अरेंज करके उनके गंतव्य तक जाने की व्यवस्था की। इस मामले पर जब इंडिगो के मौजूद अधिकारियों से बात करने की कोशिश की तो कुछ भी बोलने को अधिकृत होने का हवाला देकर बात करने से इंकार कर दिया गया।

## 16 स्वच्छता दीदियां देखेंगी दिल्ली की परेड



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के शहरों को स्वच्छ बनाने में लगीं 16 स्वच्छता दीदियां 26 जनवरी को नई दिल्ली के कर्तव्यपथ पर अपने परिजन के साथ गणतंत्र दिवस परेड देखेंगी। भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने इन महिलाओं को गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। ये स्वच्छता दीदियां अपने परिजन के साथ 24 जनवरी को रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल से नई दिल्ली के लिए आज सुबह रवाना हुईं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने हरी झंडी दिखाकर माना विमानतल से इन महिलाओं, उनके परिजनों और नगरीय प्रशासन विभाग की टीम को रवाना किया।

केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने गणतंत्र दिवस परेड में विशेष अतिथि के रूप में गंडई नगर पंचायत की दो, कुम्हारी नगर पालिका की दो, खैरागढ़ नगर पालिका की एक, बिलासपुर नगर निगम की तीन तथा राजनांदगांव, दुर्ग, अंबिकापुर और कोरबा नगर निगम की दो-दो स्वच्छता दीदियों को आमंत्रित किया है। इन महिलाओं के साथ इनके एक-एक परिजन को भी आमंत्रित किया गया है। ये स्वच्छता दीदियां 25 जनवरी को नई दिल्ली में केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात भी करेंगी।

### दुर्ग निगम से किरण साहू और लक्ष्मी जांगड़े

केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के विशेष आमंत्रण पर स्वच्छता दीदी के रूप में काम कर रही बिलासपुर नगर निगम की किरण सिंह, पुष्पा कटरे और लक्ष्मी अय्यर, दुर्ग नगर निगम की किरण साहू और लक्ष्मी जांगड़े, अंबिकापुर नगर निगम की सुश्री शशि सिन्हा और कुसुम मिंज, कोरबा नगर निगम की गीता तोमर और विजय लक्ष्मी तिवारी, राजनांदगांव नगर निगम की अनिता फ्रांसिस और वीणा टंडन नई दिल्ली जा रही हैं। गंडई नगर पंचायत की गायत्री देवांगन और राखी खान, कुम्हारी नगर पालिका की शोभा चक्रधारी और बिमला साहू तथा खैरागढ़ नगर पालिका की जयश्री ताम्रकर को भी नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह देखने के लिए आमंत्रित किया गया है।

## धर्मातरण रोकना भी असंवैधानिक

श्रीकंचनपथ




भारत का संविधान लोगों को अपनी पसंद का धर्म चुनने की स्वतंत्रता देता है। किसी भी धर्म का पालन करने वाला, किसी भी इबादतगाह तक जाने के लिए स्वतंत्र है। हिन्दू चाहे तो नमाज पढ़ सकता है, मुसलमान भी चाहे तो हिन्दू मंदिरों में पूजा पाठ कर सकता है। चर्च और गुरुद्वारे के दरवाजे भी सभी के लिए खुले हैं। अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण से लेकर सेवा में भी मुसलमानों का अच्छा खासा योगदान है। दो दशक पहले तक इफ्तार पार्टियों में सभी दलों के लोग शामिल होते थे। देश की मजारों में भी सभी धर्मों के लोग जाते हैं। देश के लगभग सभी अस्पतालों में किसी न किसी देवी देवता की मूर्ति लगी होती है जहां बीमार लोगों के परिजन पूजा अर्चना करता हैं, प्रार्थना कर जल्द स्वास्थ्य लाभ की विनती करते हैं। इनमें सभी धर्मों के लोग शामिल होते हैं। किसी भी धर्म को मानना या स्वीकार अथवा अस्वीकार करना नागरिकों का व्यक्तिगत अधिकार है। रोकटोक केवल इस बात को लेकर है कि नाबालिगों को बहला फुसलाकर उन्हें दूसरे धर्मों में दीक्षित नहीं किया जा सकता। यहां भी वही कानून लागू होता है जो 18 वर्ष से कम उम्र के लोगों को स्वतंत्र रूप से निर्णय नहीं लेने देता। वयस्कों को भी यदि दबाव डालकर, प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराया जाता है तो वह अवैध होगा। कानून नाबालिगों, मानसिक रूप से कमजोर या नशे के प्रभाव में लोगों को किसी भी प्रकार का समझौता करने से रोकता है। निर्णय बिना किसी दबाव या प्रलोभन के, बिना नशे के प्रभाव में आए लिया गया हो और वह कानून सम्मत भी हो, तो उसे किसी भी कानून के तहत चुनौती नहीं दी जा सकती। शर्त केवल यही है कि वह व्यक्ति मानसिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए और बालिग होना चाहिए। इसमें जोर जबरदस्ती केवल संख्या बल बढ़ाने की या अपनी दुकान चलाने के लिए की गई हो तो वह अपराध की श्रेणी में आता है। इस लिहाज से प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराना और डंडे पर जोर पर उनकी घर वापसी कराना, दोनों ही अपराध है। मुश्किल यह भी है कि किसी को हिन्दू बनाने या उसे हिन्दू धर्म में लौटाने का कोई शास्त्र सम्मत तरीका नहीं है। सनातन में अनेक प्रचारक हुए हैं। अनेक धार्मिक मान्यताएं स्वयं विकसित हुई हैं। इसमें पेड़ पौधों की पूजा करने वाले, ग्रंथ को गुरू मानने वाले, मूर्ति की पूजा करने वाले, मूर्ति की पूजा नहीं करने वाले, स्तंभों को आस्था का प्रतीक मानने वाले सभी शामिल हैं। सनातन आस्था की खुली अनुमति देता है। पर मुश्किल यह है कि इसी अनुमति को सनातन की कमजोरी मान लिया गया जबकि यही सनातन की ताकत है। देश की सुरक्षा, समृद्धि और स्वीकार्यता को इसी सनातन संस्कृति से पुष्टि मिलती है। दरअसल, यह कुटिल राजनीति है जिसमें राजा स्वयं तो धर्मनिरपेक्ष रहता है पर उसके करीबी धर्म के नाम पर समाज को बांटते हैं।



## संपादकीय

### भारत का समर्थन

तमाम तरह की टिप्पणियों के लिए चर्चा में रहने वाले दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क ने अपनी एक ताजा टिप्पणी में बहुत से लोगों के मुंह की बात छीन ली है। मस्क ने एक्स पर अपनी टिप्पणी में कहा है कि यह बेहद बेतुकी बात है कि दुनिया की सबसे ताकतवर संस्था संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत नहीं है। मस्क ने तो अफ्रीका को भी वहां एक सीट देने की बात कही। यह ऐसी बात है, जिसे दुनिया भर में कई जगह पिछले कुछ समय से कहा जा रहा है। खुद भारत पिछले तीन दशक से भी ज्यादा समय से इसकी कोशिश कर रहा है। जिस समय अटल बिहारी वाजपेयी देश के प्रधानमंत्री थे, उस समय इसे लेकर कई कोशिशें हुई थीं। प्रधानमंत्री बनने के बाद मनमोहन सिंह ने भी 2005 से इसके लिए प्रयास शुरू कर दिए थे। साल 2008 में ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री गॉर्डन ब्राउन जब भारत दौरे पर आए, तब मनमोहन सिंह के साथ संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा था कि भारत अगर सुरक्षा परिषद की उस मेज पर नहीं है, तो दुनिया की बहुत सारी समस्याएं कभी नहीं सुलझेंगी। साल 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से इसकी मांग कुछ ज्यादा तेज हुई है और दुनिया में इसकी जरूरत को स्वीकार भी किया जाने लगा है। आबादी के अनुपात से देखें, तो दुनिया के हर पांच में औसतन एक व्यक्ति भारतीय है। अगर भारत सुरक्षा परिषद में नहीं है, तो सीधे तौर पर दुनिया की आबादी के पांचवें हिस्से को वहां प्रतिनिधित्व नहीं मिला हुआ है। अगर आर्थिक पैमाने पर देखें, तो भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है, जबकि सुरक्षा परिषद में इसके मुकाबले छोटी अर्थव्यवस्थाओं वाले देश जमे बैठे हैं। भारत को सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बनाने का मामला दरअसल दुनिया की इस सर्वोच्च संस्था के सत्ता समीकरण को उचित प्रतिनिधित्व से संतुलित करने का मामला भी है। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पिछले दिनों कहा भी था कि पांच स्वयंभू चौधरी हैं, जो एक साथ बैठकर पूरी दुनिया का फैसला करते हैं, इसे बदलना होगा। अभी तक हमारे सामने जो सुरक्षा परिषद है, वह दरअसल सात-आठ दशक पहले की दुनिया के संतुलन का प्रतिनिधित्व करती है। नए दौर के हिसाब से इसे बदला जाना बहुत जरूरी हो गया है। 2015 में दुनिया के 193 देशों ने आम सभा में संयुक्त राष्ट्र की कार्यप्रणाली में सुधार का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया था। तब भारत ने कहा था कि विश्व व्यवस्था में सुधार तभी होगा, जब सुरक्षा परिषद का स्वरूप बदला जाएगा। जरूरी बदलाव के हिसाब से यह साल इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि कुछ ही महीने बाद संयुक्त राष्ट्र का एक विशेष सत्र होने वाला है, जिसका विषय है- भविष्य के लिए सम्मेलन : बेहतर कल के लिए बहुस्तरीय समाधान। वैसे एलन मस्क की गिनती न तो विश्व मामलों के विशेषज्ञ के तौर पर होती है और न ही ऐसे शख्स के तौर पर, जिसकी बात को दुनिया के राजनयिक गौर से सुनते हों। कई बार वह अपनी अगंभीर बातों के लिए ही ज्यादा चर्चा में रहते हैं, लेकिन मस्क ने जिस मौके पर यह बात कही है, वह काफी महत्वपूर्ण है। मस्क की टिप्पणी का एक आर्थिक पहलू भी है, पर इससे यह तो जाहिर होता ही है कि दुनिया में इस समय भारत के पक्ष में माहौल बनने लगा है। एलन मस्क आज की दुनिया का एक महत्वपूर्ण नाम हैं, इसलिए उनकी बात पर गौर किया जाएगा और एक विमर्श भी शुरू होगा। ये अच्छे संकेत हैं।

> “ भारत को सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बनाने का मामला दरअसल दुनिया की इस सर्वोच्च संस्था के सत्ता समीकरण को उचित प्रतिनिधित्व से संतुलित करने का मामला भी है। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पिछले दिनों कहा भी था कि पांच स्वयंभू चौधरी हैं, जो एक साथ बैठकर पूरी दुनिया का फैसला करते हैं, इसे बदलना होगा।

### वॉर्मिंग में इतनी ठंड!

उत्तर-मध्य भारत में इस बार ठंड देर से पड़ी, लेकिन खूब जोरदार पड़ी है। ये दोनों स्थितियां असामान्य हैं। उसी समय जम्मू-कश्मीर में लोग बर्फबारी के तरस कर रह गए हैं। यह भी एक असामान्य स्थिति है। ऐसे असामान्य हालात का अक्सर दुनिया को सामना करना पड़ रहा है। बहरहाल, जब कभी किसी क्षेत्र में असामान्य ठंड पड़ती है, तो लोग इस सवाल पर बात करने लगते हैं कि आखिर जब चर्चा ग्लोबल वॉर्मिंग यानी धरती का तापमान बढ़ने की है, तो उस समय इतनी ठंड क्यों पड़ रही है। जबकि इसमें हैरत की कोई बात नहीं है। ऐसा होना भी असल में जलवायु परिवर्तन का ही एक हिस्सा है। यह तो आम जानकारी है कि जलवायु परिवर्तन ग्लोबल वॉर्मिंग का परिणाम है। वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन (डब्लूडब्लूए) का एक ताजा विश्लेषण इस सवाल को समझने के लिए लिहाज से महत्त्वपूर्ण है। डब्लूडब्लूए वैज्ञानिक संगठनों का एक समूह है। उसने 2023 में आई एक दर्जन से ज्यादा आपदाओं का विश्लेषण किया। उसकी रिपोर्ट में वैज्ञानिक साक्ष्य की मदद से बताया गया है कि जीवाश्म ईंधन से होने वाला उत्सर्जन किस तरह से तूफान, सूखा, जंगल की आग और गर्म लहरों को विनाशकारी बना रहा है। 2023 में जीवाश्म ईंधन से होने वाला उत्सर्जन चरम पर था। इसका परिणाम असाधारण बारिश और सामान्य से ज्यादा ठंड के रूप में भी सामने आया है। मतलब यह कि ग्लोबल वॉर्मिंग से जलवायु बदल रहा है। इस कारण बेमौसमी घटनाएं आम होती जा रही हैं। इससे यह अनुमान लगाना कठिन हो गया है कि कब बारिश होगी, कब ठंड पड़ेगी और कब गरमी का सामना करना होगा। ये बेमौसमी घटनाएं असाधारण रूप से मारक और तीव्र होने लगी हैं। फिर भी दुनिया सबक नहीं ले रही है। दुनिया में कार्बन उत्सर्जन की मौजूदा स्थिति के हिसाब से संयुक्त राष्ट्र ने हाल में एक रिपोर्ट जारी की। उससे पता चला है कि ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन से वर्ष 2100 तक वैश्विक तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर की तुलना में 2.9 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने की आशंका है। जबकि वैज्ञानिक पहले ही चेतावनी दे चुके हैं कि 1.5 डिग्री से ज्यादा तापमान बढ़ना खतरनाक है।

### हाथ से फिसलती डोर

फिलिस्तीनियों के खिलाफ युद्ध ना रोकने की जिद अब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को भारी पड़ने लगी है। सभी तरफ यह अहसास गहरा चुका है कि अपनी कुर्सी बचाने के लिए नेतन्याहू युद्ध को लंबा खिंच रहे हैं। नेतन्याहू को मालूम है कि जब युद्ध ठहर जाएगा, तब इजराइल के अंदर उनसे सात अक्टूबर 2023 को हुई सुरक्षा चूक और गजा में अंधाधुंध सैनिक कार्रवाई की उनकी रणनीति को लेकर गंभीर सवाल पूछे जाएंगे। जब युद्ध शुरू हुआ, तब नेतन्याहू कथित न्यायिक सुधारों को लेकर देश में घिरे हुए थे। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने इससे संबंधित कानून को रद्द कर दिया। इससे उनकी राजनीतिक स्थिति और कमजोर हो गई है। इस बीच बिना किसी सैनिक उद्देश्य गजा में कत्ल-ए-आम जारी रखने की उनकी रणनीति ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके समर्थकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। गजा में 25 हजार से अधिक फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं, जिनमे आधे से ज्यादा महिलाएं और बच्चे हैं। 62 हजार से अधिक लोग घायल हुए हैं। वहां की 85 प्रतिशत आबादी बेघर हो चुकी है। इसलिए भले ही दिखावटी तौर पर, लेकिन अमेरिका के जो बाइडेन प्रशासन को भी अब संकेत देना पड़ रहा है कि वह गजा में इजराइली कार्रवाई रोकना चाहता है। इस बीच यूरोपियन यूनियन ने एक विशेष बैठक बुलाई है, जिसके लिए तैयार एजेंडे में सदस्य देशों से यह कहा गया है कि वे नेतन्याहू को यह संदेश दें कि फिलिस्तीनियों के लिए अलग संप्रभु राज्य के गठन के लिए तैयार नहीं होने पर उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में दक्षिण अफ्रीका की याचिका पर हुई कार्यवाही पहले ही इजराइल और उसके समर्थक देशों की छवि को बेहद मलीन कर चुकी है।

> “ जनरल परवेज मुशर्रफकी तानाशाही खत्म होने और देश में लोकतंत्र की स्थापना के बाद यह चौथा पांच साला चुनाव है और इनमें चुना गया एक भी प्रधानमंत्री अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाया। दो को सुप्रीम कोर्ट खा गया और सबसे लोकप्रिय नवाज शरीफफौज के षड्यंत्र के शिकार हो गए। आज ये दोनों संस्थाएं नवाज के साथ खड़ी हैं, पर इनकी अपनी साख खत्म हो चुकी है।

# चुनावी दहलीज पर परेशान पाकिस्तान

विभूति नारायण राय, पूर्व आइपीएस अधिकारी

जब भारत सरकार लगातार अपनी मजबूती का इजहार कर रही है, तब पाकिस्तान सरकार की कमजोरियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जब पाकिस्तान के आम चुनावों में सिर्फ कुछ दिन बचे हैं, तब भी अगर किसी यक्ष प्रश्न की तरह थोड़े-थोड़े अंतराल पर यह पूछा जाए कि चुनाव तय समय, यानी 8 फरवरी को होंगे या टल जाएंगे, तो आप इसी निष्कर्ष पर पहुंचेंगे कि पूरे तंत्र में ही घुन लग गया है। पाकिस्तान में यही हो रहा है। राज्य के दो महत्वपूर्ण हिस्सेदारों- फौज और न्यायपालिका द्वारा स्पष्ट घोषणा के बावजूद कि देश में आम चुनाव 8 फरवरी को होंगे, कोई इस पर पूरी तरह विश्वास नहीं कर पा रहा है। इस अविश्वास के कारण भी बड़े स्पष्ट हैं।

10 अप्रैल, 2022 की आधी रात को एक अविश्वास प्रस्ताव के जरिये तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान को पद से हटना पड़ा था और तभी से वहां यही नाटक चल रहा है। विपक्ष में बैठने की जगह इमरान ने फौरन चुनाव कराने का दबाव बनाने के लिए अपनी पार्टी के साथियों सहित नेशनल असेंबली से इस्तीफा दे दिया और फौरी सफलता न मिलने के बाद पूरे देश में जनांदोलनों की झड़ी लगा दी, पर सेना के नए प्रमुख जनरल आसिफ मुनीर के समर्थन से लैस शाहबाज शरीफ सरकार ने उनको निर्ममता से कुचल दिया। एक मास्टर स्ट्रोक की तरह इमरान ने पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा की अपनी प्रादेशिक सरकारों से भी इस्तीफा दिलवा दिया कि सांविधानिक मजबूरियों के चलते चुनाव आयोग को चुनाव कराने ही पड़ेंगे, पर उनका हर दांव उलटा पड़ा।

इस मौके पर इमरान खान के साथ खड़ी न्यायपालिका भी उनकी कोई मदद नहीं कर पाई और सेना के समर्थन ने सुनिश्चित किया कि चुनाव तब हों, जब इमरान और उनकी पार्टी के अधिकांश नेता जेल के भीतर चले जाएं और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के खिलाफ दायर सारे पुराने मुकदमे खत्म होकर उनके फिर से चुनाव लड़ने का रास्ता खुल जाए। इस बीच सुप्रीम कोर्ट में इमरान समर्थक चीफ जस्टिस उमर अता बल्दियाल के रिटायर होने, उनके घोषित दुश्मन काजी फायज ईसा के चीफ जस्टिस बनने और उनसे सहानुभूति रखने वाले दो अन्य जजों के इस्तीफा देने से उनकी स्थिति और भी कमजोर हो गई है।

इस पृष्ठभूमि में हो रहे चुनावों में फिर क्यों आशंका उठाई जा रही है कि ये अब भी टल सकते हैं? संभवत: इनके पीछे पुराने अनुभव हैं, जिनके चलते पाकिस्तान में सांविधानिक संस्थाओं की हैसियत कभी मजबूत नहीं हो पाई, पर जैसे-जैसे चुनाव की तिथि 8 फरवरी करीब आती जा रही है, काफी हद तक तय होता जा रहा है कि चुनाव हो जाएंगे। यह अलग बात है कि चुनावी नतीजों की वैधता को लेकर संशय बरकरार रहेगा। पिछले कई चुनावों



की तरह सेना ने इस बार भी अनौपचारिक रूप से अपना प्रधानमंत्री घोषित कर रखा है। इस बार नवाज शरीफ उसके उम्मीदवार हैं और बावजूद इसके कि इमरान खान लोकप्रियता के पैमाने पर उनसे बहुत आगे हैं, राजनीतिक पंडितों के मन में उनके चौथी बार प्रधानमंत्री बनने में कोई संशय नहीं है। इमरान और उनके ज्यादातर बड़े समर्थक जेलों में हैं, उनकी पार्टी पीटीआई का चुनाव चिह्न बल्ला जब्त कर लिया गया है, उनके उम्मीदवार अलग-अलग निशानों पर चुनाव लड़ेंगे, और इनके बाद भी अगर नवाज को जरूरी सीटें मिलने में दिक्कत आई, तो पिछली बार की तरह सेना मतगणना में घपले कराकर या छोटे दलों का समर्थन दिलाकर नवाज शरीफ को सत्ता में लाने की कोशिश करेगी। पिछली बार इन्हीं हथकंडों से उसने इमरान को प्रधानमंत्री बनवाया था।

एक डांवाडोल अर्थव्यवस्था वाले पाकिस्तान की समस्याएं चुनावों के बाद खत्म होने वाली नहीं हैं। हाल में दावोस में संपन्न विश्व आर्थिक सम्मेलन में 'ह्यूमन राइट्स वॉच' ने कई सौ पृष्ठों की एक रिपोर्ट प्रकाशित की, जिसमें सौ से अधिक देशों की अर्थव्यवस्था पर सामग्री है। इसमें खासतौर से पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था को लेकर गंभीर चिंताएं हैं। यहां मुद्रास्फीति की दर लगभग 40 प्रतिशत तक पहुंच गई है। पिछले कुछ वर्षों से अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की मदद से वह किसी तरह अपनी देनदारियां चुका पा रहा है। पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए जिस राजनीतिक स्थायित्व की जरूरत है, वह तो इन चुनावों से हासिल होती नजर नहीं आ रही है।

जनरल परवेज मुशर्रफ की तानाशाही खत्म होने और देश में लोकतंत्र की स्थापना के बाद यह चौथा पांच साला चुनाव है और इनमें चुना गया एक भी प्रधानमंत्री अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाया। दो को सुप्रीम कोर्ट खा गया और सबसे लोकप्रिय नवाज शरीफ फौज के षड्यंत्र के शिकार हो गए। आज ये दोनों संस्थाएं नवाज के साथ खड़ी हैं, पर इनकी अपनी साख खत्म हो चुकी है। ऐसी स्थिति में उनके सहारे चुनकर आए नवाज किस हद तक स्वीकार्य होंगे, यह देखने की बात होगी। सबसे अधिक संभावना इस बात की लगती है कि नई सरकार को पांच-छह महीने बाद ही देशव्यापी विरोध का सामना करना पड़ सकता है।

पूर्व सैन्य अधिकारियों का काफी बड़ा तबका सोशल मीडिया पर इमरान के पक्ष में सक्रिय है। पिछली 9 मई को अवकाश प्राप्त और सेवारत सैन्य अधिकारियों की प्रत्यक्ष और परोक्ष मदद से कई सैन्य इमारतों पर जनता ने चढ़ाई कर दी थी। इस मामले में लेफ्टिनेंट जनरल रैंक तक के अफसरों को बर्खास्त किया गया था और आज भी इमरान के सैकड़ों समर्थक फौजी अदालतों में मुकदमे भुगत रहे हैं। सेना भी सड़कों पर निकली जनता के खिलाफ कार्रवाई करते समय 9 मई के अनुभवों को भूलेगी नहीं।

कुल मिलाकर, यह कहा जा सकता है कि आने वाले चुनाव यदि समय पर हों, तब भी इसकी गारंटी नहीं है कि इनसे पाकिस्तानी समाज को आर्थिक या राजनीतिक स्थायित्व मिल सकेगा। अफगानिस्तान के रास्ते आने वाले तहरीके-तालिबान पाकिस्तान सरीखे खतरों के अलावा इस समय ईरान, अफगानिस्तान और भारत जैसे पड़ोसियों से गैर-दोस्ताना रिश्तों में उलझी पाक सेना जनता के खिलाफ एक नया मोर्चा शायद ही खोलना चाहेगी। एक चुनी हुई सरकार के लिए आईएमएफ के निर्देशों पर आर्थिक मामलों में कार्यवाहक सरकार की तरह कठोर फैसले करना काफी मुश्किल ही होगा। चुनाव बाद सरकार को कई मोर्चों पर काम करना होगा और लगता नहीं है कि पाकिस्तान की अंदरूनी स्थितियां या सेना या न्यायपालिका जैसी संस्थाएं उसे खुलकर काम करने देंगी।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार बन जाने के निहितार्थ

नारायण कृष्णमूर्ति, आर्थिक पत्रकार

शेयर बाजार में शेयरों के कुल मूल्य, यानी बाजार पूंजी के हिसाब से भारत ने हांगकांग को पीछे छोड़कर दुनिया में चौथा स्थान पा लिया है। सोमवार को भारतीय एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध शेयरों की कुल कीमत 4.33 ट्रिलियन डॉलर थी, जबकि हांगकांग की 4.29 ट्रिलियन डॉलर। बाजार पूंजी (मार्केट कैप) दरअसल निवेशकों के निवेश का मूल्यांकन है। इसमें उछाल कई मायने में फायदेमंद है। यह बताता है कि निवेशकों के निवेश की कीमत बढ़ रही है। इसका यह भी संकेत है कि निवेशक भारत की तरफ ज्यादा आकर्षित हो रहे हैं। अपने यहां घरेलू निवेशकों की संख्या तो बढ़ ही रही है, विदेशी निवेशकों के निवेश में भी इजाफा हो रहा है। भारत में लोग काफी हद तक निवेश के परंपरागत साधनों पर ही भरोसा करते रहे हैं। वे रियल एस्टेट, बैंक-डाकघर, सोना जैसे माध्यमों में पैसे लगाने के इच्छुक रहे हैं। मगर जिस तरह से शेयर बाजार में उछाल है, यह बता रहा है कि लोग अब इसकी तरफ भी आकर्षित हो रहे हैं। इसकी तस्दीक म्यूचुअल फंड से भी हो रही है, जिसमें हर माह 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक निवेश हो रहा है, और इसमें लगातार वृद्धि ही हो रही है।



शेयर बाजार में जैसे ही पैसा बढ़ता है, विदेशी निवेशक शेयर बाजार में ही नहीं, उस देश में कंपनी-फैक्टरी आदि लगाने के लिए भी निवेश बढ़ाते हैं। हांगकांग इसका एक बड़ा उदाहरण है। भारत में भी गिफ्ट सिटी (गुजरात) जैसे प्रयास साकार किए गए हैं, जो विदेशी निवेशकों के साथ-साथ अनिवासी भारतीयों को भी खूब लुभा रहा है। इससे हांगकांग की तरह भारत भी आर्थिक व प्रौद्योगिकी का वैश्विक केंद्र बन सकता है, जिसका फायदा शेयर बाजार को खूब होगा। हालांकि, हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि अपने यहां विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी काफी ज्यादा है। ऐसे में, शेयर बाजार के बढ़ने से उनका मूल्य व मुनाफा बढ़ता है, जिस कारण उनके द्वारा पैसे वापस निकालने का जोखिम भी बना रहता है।

इतना ही नहीं, बाजार पूंजी के हिसाब से शीर्ष के देश अमेरिका की वैश्विक बाजार में हिस्सेदारी अभी 45 फीसदी के करीब है, जबकि हमारी चार फीसदी से कुछ ऊपर। दूसरे स्थान पर मौजूद चीन की भी वैश्विक हिस्सेदारी 10 फीसदी के आसपास है। यह संकेत है कि हमें अब भी एक लंबा सफर तय करना है। हां, अभी जिस तेजी से भारत में निवेश हो रहा है या जितना पैसा शेयर बाजार में आ रहा है, वह गति यदि कायम रही, तो अगले दो-तीन वर्ष में हम जापान को पीछे छोड़ सकते हैं और तीसरे स्थान पर आ सकते हैं।

बाजार पूंजी के बढ़ने से लोगों में यह भरोसा आता है कि शेयर बाजार में निवेश करना सुरक्षित है। हमारे यहां नियम-कानून अब काफी सख्त हो गए हैं। यहां शेयर बाजार में घोटाले वगैरह तुलनात्मक रूप से कम होते हैं। देखा जाए, तो लोग यदि पैसा गंवाते हैं, तो गलत वजहों से। हर्षद मेहता जैसा दौर अब काफी पीछे छूट चुका है। ऐसे में, घरेलू निवेशकों की हिस्सेदारी अधिकाधिक बढ़ाने के प्रयास काफी फायदेमंद हो सकते हैं। अगर हम पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना चाहते हैं, तो हमें शेयर बाजार को भी कहीं अधिक मजबूत करना होगा, जिसके लिए भारतीयों को ही आगे आना चाहिए। हमें यह समझना होगा कि विदेशी निवेशक अपना फायदा देखते हुए बाजार से निवेश वापस खींच सकते हैं। अगर उनके देश में मुद्रा का अवमूल्यन होता है, तब भी वे ऐसा कर सकते हैं या फिर टैक्स वगैरह की दरों के बदलने पर भी।

हांगकांग इसलिए भी भारत से पीछे हो गया है, क्योंकि पिछले दिनों की एक रिपोर्ट ने वहां विदेशी निवेशकों का भरोसा डिगा दिया। भारत के साथ भी यह खतरा हो सकता है। वैसे भी, वैश्विक कर्ज बढ़ने से हमें अधिक ब्याज दर चुकाना पड़ रहा है। लिहाजा, विदेशी निवेशकों का भरोसा डिगना शेयर बाजार की हमारी तरक्की को चोटिल कर सकता है। लिहाजा, स्थानीय लोगों की शेयर बाजार में अधिक से अधिक भागीदारी आवश्यक है। अच्छी बात है कि अब महज 500 रुपये प्रति माह से भी इसमें निवेश की शुरुआत की जा सकती है। समझने की बात यह भी है कि जब वास्तविक महंगाई बढ़ रही हो, तब भी बेहतर रिटर्न हमें शेयर बाजार ही दे सकता है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# संयम-करुणा से नया इतिहास रचने का समय

विश्वनाथ सचदेव

22 जनवरी दो हजार चौबीस। यह कैलेंडर की एक तारीख मात्र नहीं है। अयोध्या में भगवान राम के 'भव्य, दिव्य मंदिर' की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही यह तारीख, जैसा कि प्रधानमंत्री ने कहा है, 'नये इतिहास-चक्र की भी शुरुआत' है। इस अवसर पर किये गये संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संकल्प 'सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास' को एक नया आयाम भी दिया है। यह सही है कि भारतीय जनता पार्टी के लिए अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण एक चुनावी वादे का पूरा होना भी है। चुनावी घोषणापत्र में भाजपा लगातार इसकी बात भी करती रही है और यह भी सही है कि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार ने इस मुद्दे को स्थगित रखकर एक राजनीतिक परिपक्वता का उदाहरण ही प्रस्तुत किया था। लेकिन उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद 'बालक राम' के मंदिर का निर्माण निर्बाध भी हो गया था और एक स्वाभाविक परिणति भी।

अयोध्या में मंदिर निर्माण को पूरे देश में जो प्रतिसाद मिला है, वह कल्पनातीत है। भाजपा को इसका राजनीतिक लाभ मिलेगा, इसमें कोई संशय नहीं, पर जैसा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा है, 'राम विवाद नहीं, समाधान है। उनके इस कथन को समझा और स्वीकारा जाना चाहिए। यह भी समझा जाना चाहिए कि प्रधानमंत्री का यह कथन देश में संभावनाओं के नये आयाम भी खोल रहा है। राम और राष्ट्र के बीच की दूरी को पाटने का एक स्पष्ट संकेत भी प्रधानमंत्री ने दिया है। इस बात को भी समझने की ईमानदार कोशिश होनी चाहिए। राम की महत्ता हिंदू समाज के आराध्य होने में ही नहीं है, राम प्रतीक हैं सुशासन के। सुशासन, जिसमें हर नागरिक को, चाहे वह किसी भी धर्म, जाति, वर्ण, वर्ग का हो, प्रगति करने का समान और पर्याप्त अवसर मिलना चाहिए। तुलसी ने कहा था 'दैहिक, दैविक, भौतिक तापा, राम राज नहिं कहुहि व्यापा' इस राज में, 'नहिं दरिद्र कोउ दुखी न दीना, नहीं कोउ अबुध न लच्छन हीना।' किसी भी अच्छे शासन में यह बुनियादी स्थिति होनी चाहिए। राम-राज्य की बात तो हम बहुत करते हैं पर यह भूल जाते हैं कि राम-राज्य की परिकल्पना में हर नागरिक को समान अधिकार प्राप्त थे। राम ने तो स्वयं यह बात स्पष्ट की थी कि यदि राज-काज में उनसे कोई गलती हो जाती है तो हर नागरिक को यह अधिकार है, और यह उसका दायित्व है कि वह राजा को गलती का अहसास कराये। आज जब देश अयोध्या में राम मंदिर का उत्सव मना रहा है, यह बात भी याद रखना जरूरी है कि वनवास भोगकर जब भगवान राम अयोध्या लौटे थे तो हर नागरिक को खुशी मनाने का अवसर और अधिकार मिला था। समान अधिकार। राम के समावेशी शासन में कोई पराया नहीं था। सब अपने थे।




आज जब देश 'राममय' हो रहा है, इस अपने-पराये का भेद मिटाने की आवश्यकता को भी समझना जरूरी है। धर्म के नाम पर, जाति के नाम पर, होने वाला कोई भी विभाजन 'राम-राज्य' में स्वीकार्य नहीं हो सकता। सांस्कृतिक अथवा धार्मिक राष्ट्रवाद के नाम पर किसी को कम या अधिक भारतीय आंकना भी राम-राज्य की भावना के प्रतिकूल है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि अयोध्या में नया मंदिर बनने के बाद हिंदू समाज में एक नया उत्साह है। स्वाभाविक भी है यह। पर इस भाव की सीमाओं को भी समझना होगा हमें। नदी जब किनारा छोड़ती है तो बाढ़ आ जाती है। सरसंघ चालक मोहन भागवत ने प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर कहा था 'जोश के माहौल में होश की बात' करनी जरूरी है। यह होश ही वह किनारे हैं जो नदी को संयमित रखते हैं। बाढ़ से बचाते हैं। बाढ़ का मतलब तबाही होता है, इस तबाही से बचाना है तो हमें 'संयम बरतना होगा,' सहमति के संवाद का मार्ग स्वीकारना होगा।


यह समझना जरूरी है कि 'सहमति के लिए' और 'सहमति का संवाद' बने कैसे? इसके लिए विजय के साथ-साथ विनय की भी आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने आने वाले हजार वर्षों के भारत की नींव रखने की बात कही है। इस नींव को आपसी भाई-चारे और मनुष्य की एकता-समानता के सीमेंट से ही मजबूत बनाया जा सकता है। यहीं इस बात को भी रेखांकित किया जाना जरूरी है कि हमारी कथनी और करनी में अंतर नहीं होना चाहिए। जब हम एक भारत श्रेष्ठ भारत की बात करते हैं तो यह भी समझना होगा कि आसेतु-हिमालय एक भारत जिस समाज से बनेगा वह किसी धर्म-विशेष का नहीं होगा। भारत के नागरिक का धर्म चाहे कोई भी हो, वह पहले भारतीय है। हर धर्म हमें मनुष्य बनने की प्रेरणा देता है। हर धर्म हमें एक-दूसरे की भावनाओं का आदर करने का संदेश देता है। हर धर्म हमें सिखाता है कि लक्ष्य एक है सिर्फ वहां तक पहुंचने के रास्ते अलग-अलग हैं। फिर, आदमी और आदमी में भेद किस बात का? मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर या गुरुद्वारे में धर्म को बांट कर वस्तुत: हम धर्म को न समझने का उदाहरण ही प्रस्तुत करते हैं।

बहरहाल, अब जबकि अयोध्या में रामलला के भव्य-मंदिर का निर्माण हो चुका है, और हम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा का उत्सव भी मना चुके हैं तो हमें आगे क्या करना है? यह सवाल अपने संबोधन में भागवत ने भी उठाया था। उन्होंने कहा था, अब हमें अहंकार को छोड़कर करुणा और संयम से काम लेना होगा। समय आ गया है जब हमें सदियों के इतिहास को पीछे छोड़कर आने वाली सदियों के इतिहास की शुरुआत करनी है। एक नया इतिहास रचने का समय है यह। संयम और करुणा के भाव से ही मनुष्यता का भावी इतिहास रचा जा सकता है- इस आने वाले कल के इतिहास में घृणा नहीं होगी, अहंकार नहीं होगा, एक-दूसरे के प्रति वैर-भाव नहीं होगा। किसी काम में देरी होने के लिए किसी से क्षमा मांगने की जरूरत भी नहीं है। सिर्फ अपना काम ईमानदारी से करने की जरूरत है। और क्या है यह अपना काम?

अपना काम अर्थात स्वयं को मनुष्यता के अनुकूल ढालने की ईमानदार कोशिश। जब हम राम को आग नहीं, ऊर्जा के रूप में समझें- स्वीकारेंगे तो यह भी समझ आ जायेगी कि जब हम राम को सबका कहते हैं तो इसका अर्थ सबको अपना समझना होता है, परायेपन के बोझ से मुक्त होना होता है। जब हम भारतीय सबको अपना समझ लेंगे तो यह भी समझ आ जायेगा कि जिस धर्म की स्थापना के लिए राम का जन्म हुआ था, वह मानव धर्म था।


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सहायक ग्रेड-3 के पद हेतु अनिवार्यता को किया गया शिथिल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (सालसा) बिलासपुर द्वारा सहायक ग्रेड-3 के पद पर भर्ती हेतु आवेदन जारी किया गया था। जिसमें हिन्दी अथवा अंग्रेजी में 5000 की डिप्रेशन की गति अनिवार्य रखी गई थी। सालसा द्वारा नोटिफिकेशन जारी कर उक्त अनिवार्यता को शिथिल करते हुए नया विज्ञापन जारी किया गया है। जो आवेदक मुद्र लेखन में 5000 की डिप्रेशन प्रतिघण्टा के प्रमाण-पत्र के अभाव में पूर्व में आवेदन नहीं कर पाए थे और विज्ञापन की अन्य अर्हताएं पूरी करते हैं, वे 22 जनवरी से 27 जनवरी 2024 तक आवेदन जमा कर सकते हैं। जिन्होंने पूर्व में आवेदन दिया है, उनके आवेदन मान्य होंगे और उन्हे दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नही है। सालसा के सदस्य सचिव श्री आनंद प्रकाश वारियल ने बताया कि सालसा के द्वारा विभिन्न रिक्त पदों के साथ साथ सहायक ग्रेड-3/कम्प्यूटर आपरेटर / प्रोसेस राईटर के पद हेतु दिनांक 08-09-2023 को विज्ञापन जारी किया गया था, जिसकी अंतिम तिथि 09-10-2023 थी। सहायक ग्रेड-3/कम्प्यूटर आपरेटर / प्रोसेस राईटर के पद हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के अतर्गत मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था अथवा छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद से (कम्प्यूटर एवं साफ्टवेयर के माध्यम से) हिन्दी अथवा अंग्रेजी मुदलेखन में 5000 की डिप्रेशन प्रति घंटा का प्रमाण पत्र संबंधी शैक्षणिक योग्यता को विलोपित कर संशोधित / शुद्धि पत्रक का विज्ञापन जारी करते हुए पात्र अभ्यर्थियों से दिनांक 22-01-2024 से दिनांक 27-01-2024 को शाम 5 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं।

### मानव-हाथी द्वन्द रोकने की दिशा में उठाएं प्रभावी कदम : कलेक्टर

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मानव-हाथी द्वन्द्व रोकने हेतु गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने जिले के वनांचल क्षेत्रों में हाथी-मानव द्वंद को कम करने तथा जंगली हाथियों से किसी तरह की जनहानि न हो, इस संबंध में प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, वनमण्डलाधिकारी कोरबा अरविंद पीएम, वनमण्डलाधिकारी कटघोरा कुमार निशांत, विद्युत, खाद्य, उद्यानिकी, आबकारी सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने हाथियों को रिहायशी क्षेत्रों से दूर रखने में लगी टीम को सतर्क रहने एवं मुस्तैदी से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने हाथी विचरण क्षेत्रों में वन्य प्राणियों को नुकसान पहुँचाने वाले विद्युत तारों को दुरुस्त कराते हुए निर्धारित ऊँचाई तक बढ़ाने की बात कही। इस हेतु विद्युत विभाग को वन विभाग के माध्यम से प्राप्त सूची के अनुसार इन क्षेत्रों में कम ऊंचाई वाले विद्युत तारों की आवश्यकतानुसार ऊपर बढ़ाने एवं अवैध हुकिंग पर भी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने हाथी प्रभावित क्षेत्रों में स्थित धान उपार्जन केंद्रों में धान की खरीदी, उठाव एवं परिवहन शीघ्रता से कराने के लिए कहा। साथ ही इन क्षेत्रों में क्रेडा के माध्यम से सोलर हाईमास्ट लाईट लगाने हेतु डीएफओ कटघोरा को ऐसे स्थानों की सूची तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस विभाग को जिले में हाथियों से जान-माल की क्षति को बचाने के लिए वन विभाग का पूर्ण सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए। बैठक में हाथियों द्वारा किए जाने वाले फसलों एवं जनहानि की घटनाओं पर यथाशीघ्र मुआवजे का वितरण कराने हेतु वन विभाग को निर्देशित किया गया।

# छत्तीसगढ़ में जहां-जहां पड़े हैं भगवान राम के कदम उनका पर्यटनस्थल के तौर पर होगा विकास : सीएम

श्रीकचनपथ न्यूज

रायपुर। आयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के व्हीआईपी रोड में आयोजित 'हमर भांचा राम' कार्यक्रम में शामिल हुए। इससे पहले उन्होंने यहां पर स्थित राम मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने रामभक्तों एवं विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान राम के कदम छत्तीसगढ़ में जहां-जहां पड़े है, वहां पर व्यवस्थित तरीके से पर्यटनस्थल के तौर पर उसे विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की तरफ से छत्तीसगढ़ वासियों को अयोध्या में श्री रामलला का दर्शन लाभ भी कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि आज का दिन पूरे भारत के लिए गौरव का क्षण है। आज 500 सालों के संघर्ष के बाद छत्तीसगढ़ के भाँचा राम की जन्मस्थली अयोध्या के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की गई है। उन्होंने कहा कि वनवास काल में भगवान श्री राम छत्तीसगढ़ के पावन भूमि पर ज्यादा समय व्यतीत किए हैं।

छत्तीसगढ़ की यह पावन धरा माता कौशल्या की जन्मभूमि है और भगवान श्री राम का ननिहाल है। इसलिए छत्तीसगढ़ वासियों के लिए आज का दिन विशेष हो जाता है। पूरे छत्तीसगढ़ आज राममय हो गया है। सर्वत्र उल्लास का वातावरण छाया हुआ है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि भगवान राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ से हमारी सरकार की ओर से चावल, सब्जी के साथ ही डॉक्टर और नर्सों की टीम भेजी गई है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की तरफ से अयोध्या में अभी 2 महीने तक भंडारा भी चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भगवान राम का आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ को एक समृद्ध राज्य बनाएंगे।


कार्यक्रम में धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि हम सब छत्तीसगढ़ वासियों के लिए गौरव की बात है कि माता कौशल्या का एक मात्र मंदिर छत्तीसगढ़ के चंदखुरी में स्थित है। इसलिए भांचा राम की प्राण प्रतिष्ठा का यह गौरवपूर्ण झण हम सब के लिए और भी अविष्मरणीय हो जाता हैं। कार्यक्रम में सांसद सुनील सोनी, विधायकगण गुरू खुशवंत साहेब, अनुज शर्मा, मोती लाल साहू, अजय चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने कार्यक्रम में रामगाथा पर आधारित संगीतमय प्रस्तुतियों का आनंद उठाया।

# श्रीराम मंदिर से देशभर में हुआ सवा लाख करोड़ रुपये का व्यापार - अमर पारवानी

श्रीकचनपथ न्यूज

**रायपुर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से देश की अर्थव्यवस्था में सनातन इकॉनमी का एक नया अध्याय बहुत मज़बूती से जुड़ा है और जिसके तेज़ी से देश भर में विस्तार होने की बड़ी संभावनायें दिखाई दे रही है।

कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने आज यहाँ कहा कि एक मोटे अनुमान के अनुसार श्री राम मंदिर के कारण से देश में लगभग 1.25 लाख करोड़ रुपये का बड़ा कारोबार हुआ जिसमें प्रदेश में लगभग 3 हजार करोड़, दिल्ली में लगभग 25 हज़ार करोड़ तथा उत्तर प्रदेश में लगभग 40 हज़ार करोड़ रुपये का सामान एवं सेवाओं के ज़रिये




व्यापार हुआ। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने कहा कि देश में यह पहली बार हुआ जब आस्था एवं भक्ति के कारण इतने बड़ा पैसा व्यापार के ज़रिए देश के बाज़ारों में आया और विशेष बात यह है कि यह सारा व्यापार छोटे व्यापारियों एवं लघु उद्यमियों द्वारा किया गया जिसके कारण यह पैसा व्यापार में आर्थिक तरलता को बढ़ाएगा। श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने कहा कि श्री राम मंदिर की वजह से देश में नये व्यापार के अनेक अवसर मिले हैं वहीं बड़े पैमाने पर लोगों को रोज़गार भी मिलेगा। अब समय आ गया है जब एंट्रेप्रेन्यूर्स एवं स्टार्ट ऐप्स को व्यापार में नये आयाम जोड़ने की क़वायद करनी चाहिए। कैट इस विषय पर जल्द ही एक सेमिनार नई दिल्ली में करने जा रहा है। श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने बताया की कैट के हर शहर अयोध्या-हर घर अयोध्या राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत 1 जनवरी से लेकर 22 जनवरी तक देश के 30 हज़ार से ज़्यादा छोटे बड़े व्यापारिक संगठनों ने देश भर में डेढ़ लाख से ज़्यादा कार्यक्रम आयोजित जिसमें अकेले 22 जनवरी को हर एक लाख से ज़्यादा आयोजन हुए। इन कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से लगभग 2 हज़ार शोभायात्रा, 5 हज़ार से अधिक बाज़ारों में श्री राम फेरी, 1000 से अधिक श्री राम संवाद कार्यक्रम, 2500 से ज़्यादा संगीतमय श्री राम भजन एवं श्री राम गीत कार्यक्रम आयोजित किए गए वहीं 22 जनवरी को देश भर में व्यापारी संगठनों द्वारा बाज़ारों में 15 हज़ार से अधिक एलईडी स्क्रीन लगाई गई तथा 50 हजार से अधिक स्थानों पर सुंदरकांड, हनुमान चालीसा, अखंड रामायण एवं अखंड दीपक के कार्यक्रम किए गए वहीं देश भर में 40 हज़ार से अधिक भंडारे व्यापारियों ने आयोजित किए । श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने यह भी बताया कि देश भर में करोड़ों की संख्या में श्री राम मंदिर के मॉडल, माला, लटकन, चूड़ी, बिंदी, कड़े, राम ध्वज, राम पटके, राम टोपी, राम पेंटिंग, राम दरबार के चित्र, श्री राम मंदिर के चित्र आदि की भी ज़बरदस्त बिक्री हुई। देश भर में पंडितों एवं ब्राह्मणों को भी बड़े पैमाने पर आय हुई। करोड़ों किलों मिठाई एवं ड्राई फ्रूट की प्रसाद के रूप में बिक्री की गई । यह सब आस्था और भक्ति के सागर में डूबे लोगों द्वारा किया गया और देश भर में ऐसा मंजर पहले कभी देखने को नहीं मिला। देश भर में करोड़ों रुपये के पटाखे, मिट्टी के दीपक, पीतल एवं अन्य वस्तुओं से बने दीपक की भी खूब बिक्री हुई । उन्होंने कहा कि आने वाले समय में लोग उपहार के रूप में श्री राम मंदिर देंगे ऐसी बड़ी संभावना दिखाई देती है। शादियों में मेहमानों को श्री राम मंदिर उपहार के रूप में देने की शुरुआत हो ही चुकी है। श्री राम के प्रति देश के 9 करोड़ से अधिक व्यापारियों की आस्था और विश्वास को अभिव्यक्त करने के लिए कैट ने सनशाइन फाउंडेशन के साथ मिलकर एक बेहद मधुर गीत हर साज में राम बजे-हर घर में अयोध्या सजे, यह संकल्प उठाना है-श्री राम को घर घर लाना है को भी रिलीज़ किया।

## नल जल प्रदाय योजना के कार्यो को शीघ्र पूर्ण करें-कलेक्टर

श्रीकचनपथ न्यूज

**मोहला।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की समय सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि विभागों में लंबित पत्रों का शीघ्र निराकरण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बैठक में समय सीमा, कलेक्टर जनदर्शन, मुख्यमंत्री जन चौपाल में लंबित पत्रों की समीक्षा की। कलेक्टर ने समीक्षा करते हुए अधिकारियों को एक माह से अधिक समय के लंबित सभी प्रकारणों का अविलम्ब निराकरण करने के निर्देश दिये हैं।

कलेक्टर ने नल जल प्रदाय योजना के अंतर्गत जिले में योजना के क्रियान्वयन और प्रगति की गहन समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि जिन ग्राम पंचायत में योजना के अंतर्गत नल जल प्रदाय के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है, वहां शीघ्र ही योजना को मूर्त रूप देने के लिए पानी टंकी का निर्माण और पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूर्ण कर लें। इसी तरह जिन ग्राम पंचायत के लिए टेंडर का कार्य नहीं किया गया है वहां टेंडर कार्य करा कर निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिये हैं।

कलेक्टर ने कहा कि सभी ग्राम पंचायत में कचरा संग्रहण और उठाव का कार्य प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता एक निरंतर प्रक्रिया है। स्वच्छता को अपने जीवन में शामिल करें और स्वच्छ वातावरण के लिए अपना योगदान देवें। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि ग्रामीणों को प्रेरित करें और स्वच्छता के लिए जागरूक करें। कलेक्टर ने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी धान खरीदी केंद्रों में निर्धारित तिथि तक पात्र किसानों से धान की खरीदी करें। धान संग्रहण केंद्र के लिए धान का उठाव का कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिये गये हैं। खरीफसीजन को देखते हुए खाद बीज के वितरण और फसल बीमा योजना की समीक्षा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर सु दिप्ती गौते, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर समेत सभी जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# हम सब का सौभाग्य है प्रभु रामलला प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बने- ललित

श्रीकचनपथ न्यूज

दुर्ग। अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर दुर्ग ग्रामीण एवं दुर्ग शहर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित राम उत्सव कार्यक्रम में विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए।

राम उत्सव कार्यक्रम नगपुरा, बोरई, निकुम, जंजगिरी, उमरपोटी, चिरपोटी,अंडा, दुर्ग शहर मे अग्रसेन चौक हनुमान मंदिर, पुलगांव नाला के नीचे हनुमान मंदिर मे सम्मिलित हुए एवं मर्यादा पुरुषोत्तम राम एवं हनुमान जी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि लगभग 500 वर्षों की लंबी प्रतीक्षा के बाद हमारा सौभाग्य है कि अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बने यह एक ऐतिहासिक और गौरवशाली पल है और इस सब को साकार करने



का श्रेय जाता है तो विश्व के सर्वमान्य नेता एवं देश की यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जिन्होंने देश के करोड़ हिंदुओं के सपने को साकार किया। प्रभु राम जिनके आदर्श को अगर हम अपने जीवन में आत्मसात कर ले तो हम सब का जीवन सार्थक हो जाए। इस ऐतिहासिक और गौरवशाली पल को साकार करने के लिए ना जाने कितनों कार सेवकों ने अपना बलिदान दिया जिन राम भक्तों ने राम मंदिर को लेकर अपना बलिदान दिया है मैं उन्हें शत-शत नमन करता हूं। मैं पुनः आप सभी को अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम की स्थापना की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं और प्रभु राम से कामना करता हूं हम सभी की मनोकामना पूर्ण कर छत्तीसगढ़ में खुशहाली बनाए रखें।


आयोजित राम उत्सव कार्यक्रम में जनपद पंचायत सीईओ, जिला पंचायत सदस्य माया बेल चंदन, मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, नंदकुमार सेन, जनपद सदस्य भुनेश्वरी ठाकुर, रघुपति पियासू, सुखदेव देवांगन, सखाराम साहू ,चेतन यादव, राम सिंह ढीमर, दिलीप यादव समस्त ग्रामवासी उपस्थित हुए।

# बीएसपी के मुख्य चिकित्सालय में लाइव गाइनेकऑन्को सर्जरी कार्यशाला का आयोजन किया गया

श्रीकचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग द्वारा, 21 जनवरी 2024 को एक लाइव ऑन्को सर्जरी कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग और जनरल सर्जरी विभाग में, डीएनबी के छात्रों एवं कन्सल्टेंट डाक्टरों के लाभ के लिए एक सीएसआर-आरसीएच पहल थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ थे।

इस अवसर पर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमोद बिनायके, मुख्य चिकित्सा




अधिकारी डॉ विनीता द्विवेदी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ के ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। बाल्को मेडिकल सेंटर, नया रायपुर के प्रख्यात ऑन्को सर्जन, निदेशक (सर्जिकल और क्लिनिकल ऑन्कोलॉजी) डॉ. मोऊ रॉय इस कार्यशाला के फेकल्टी थे। वरिष्ठ सलाहकार (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, बाल्को मेडिकल सेंटर रायपुर) डॉ. अजीत अग्रवाल तथा वरिष्ठ सलाहकार (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, बाल्को मेडिकल सेंटर रायपुर) डॉ. दीपांजन बिस्वास द्वारा इस कार्यशाला को गति प्रदान की गई। डॉ. रवींद्रनाथ एम ने अपने संबोधन में कहा, कि इस कार्यशाला जैसे शैक्षणिक कार्यक्रम, उभरते विशेषज्ञों के लिए एक सीखने एवं अनुभव प्राप्त करने का एक विशेष अवसर है। यह कार्यशाला सलाहकारों और डीएनबी छात्रों के कौशल और उनकी क्षमता को बढ़ाने में सहायक होगी। उन्होंने इस प्रयास का सहृदय समर्थन किया। डॉ. विनीता द्विवेदी ने कार्यशाला के आयोजन में ओ एंड जी टीम के प्रयासों की सराहना की और आशा व्यक्त करते हुए कहा, कि भविष्य में ऐसे कई शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यशाला के फेकल्टी सलाहकारों ने, जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र में सर्जरी की और इस वीडियो की लाइव स्ट्रीमिंग कॉन्फ्रेंस हॉल में की गई। डॉ. रॉय ने कार्यशाला में सर्जरी के प्रत्येक चरण का विस्तार से प्रदर्शन करके दिखाया, प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं को समझाया और कॉन्फ्रेंस हॉल में बैठे सभी प्रतिभागीयों के साथ इससे सम्बंधित विचार-विमर्श किया।


ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार



होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान

पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है

रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578



Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



CONTACT
Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

# हमारे लिए यह खुशी की बात है कि छत्तीसगढ़ से भेजे चावल से श्री रामलला को लगाया गया भोगः मुख्यमंत्री साय

■ **मुख्यमंत्री साय ने बागेश्वर बाबा के हनुमंत कथा एवं दिव्य दरबार में शामिल होकर लिया भक्ति रस का आनंद**

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के कोटा गुढ़ियारी में आयोजित बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर और कथावाचक पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के श्री हनुमंत कथा एवं दिव्य दरबार में शामिल होकर भक्ति रस का आनंद लिया। उन्होंने बागेश्वर बाबा से छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि का आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री साय ने इस पावन अवसर पर श्री रामायण की आरती में भी भाग लिया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि आज का दिन बहुत मंगलमय है, हम सभी को बाबा बागेश्वर का दिव्य प्रवचन सुनने को मिल रहा है। कल 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है और यह हम सब छत्तीसगढ़ वासियों के लिए बहुत खुशी की बात है कि श्री रामलला को धान का कटोरा कहे जाने वाले और प्रभु राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ से भेजे गए चावल से भोग लगाया गया है। हमारे छत्तीसगढ़ से चावल, सब्जी के साथ ही डॉक्टर और नर्सों की टीम अयोध्या भेजी गई है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ की ओर से अयोध्या में अभी दो महीने तक भंडारा चलाया जायेगा।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की तरफ से रामलला दर्शन योजना के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान श्री राम के दर्शन के लिए अयोध्या भेजा जायगा। इसे सुनकर बाबा बागेश्वर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इस योजना की सराहना की।

बागेश्वर बाबा ने छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा राजिम में कुंभ के स्वरूप में राजिम मेला को आयोजित करने संबंधी प्रयासों के लिए भी प्रसन्नता जाहिर की। श्री हनुमंत कथा एवं दिव्य दरबार में बह रही भक्ति धारा का रसपान करने श्रद्धालुगण की भीड़ बड़ी संख्या में जुटी हुई थी।

## श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से ननिहाल में उत्सव का वातावरणः मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

**रायपुर।** अयोध्या धाम में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से उनके ननिहाल में भी उत्सव का माहौल है। मकर संक्रांति से जो उत्सव शुरू हुआ है वो प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक दिन तक रहा। यह बात मुख्यमंत्री ने श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर राजधानी रायपुर के आकाशवाणी चौक में आयोजित महाभोग एवं प्रसादी कार्यक्रम में कही। इस दौरान मुख्यमंत्री ने यहां स्थित माँ महाकाली मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।



मुख्यमंत्री ने माँ काली की आरती कर उन्हें लड्डुओं का भोग अर्पण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री साय को लड्डुओं से तौला गया। मुख्यमंत्री ने नेशनल एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड स्कूल के दृष्टिबाधित बच्चों को महाभोग का वितरण किया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी के लिए कल का दिन ऐतिहासिक था। अयोध्या धाम में छत्तीसगढ़ के भांजे प्रभु श्री रामलला टेंट से निकलकर भव्य मंदिर में विराजमान हुए। उन्होंने कहा कि रामायण में माता शबरी का भी जिक्र आता है और उनका आश्रम शिवरीनारायण में है। माता शबरी वनवासी थीं और उन्होंने वर्षों प्रभु का इंतजार किया। उनकी तपस्या का परिणाम था कि भगवान स्वयं उनके पास आए थे और शिवरीनारायण की पावन धरा पर ही माता शबरी ने उन्हें बेर खिलाए। श्री साय ने कहा कि इसी तरह भक्तों की लंबी प्रतीक्षा के बाद उनके आराध्य की प्राण प्रतिष्ठा का शुभ अवसर आया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नवयुवक मंडल के तत्वावधान में रामभक्त चिट्ठियों के माध्यम से प्रभु के लिए अपनी भावनाएं व्यक्त कर रहे हैं। इन चिट्ठियों को एकत्रित कर अयोध्या धाम ले जाया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रभु श्री रामलला दर्शन योजना की जानकारी देते हुए कहा कि ननिहाल वासियों को सरकारी खर्चे पर प्रभु की जन्मभूमि अयोध्याधाम का दर्शन कराया जाएगा।

# शहरों में विकास और सुविधाएं बढ़ाने प्रतिबद्धता के साथ काम करें अधिकारीः अरुण साव

### जो रामभक्त श्रीराम के लिए चिट्ठियां लिख रहे हैं उन चिट्ठियों को अयोध्या भेजा जाएगा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने प्रदेश के सभी नगर पालिकाओं तथा बस्तर, सरगुजा और बिलासपुर संभाग के नगर पंचायतों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं अभियंता को अपने-अपने निकायों में विकास और सुविधाएं बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों और अभियंताओं को अपने मुख्यालय में ही निवास करने को कहा। उप मुख्यमंत्री ने सभी निर्माण कार्यों और निर्माण सामग्रियों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने काम में विलंब और लापरवाही करने वाले ठेकेदारों पर जुर्माना लगाने और नियमानुसार ब्लैक-लिस्ट करने की कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे आवासों के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को सप्ताह में तीन दिन टीम के साथ वार्डों का दौरा कर निर्माण और सफाई कार्यों के निरीक्षण के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रायपुर के सिविल लाइन स्थित नवीन विश्राम भवन में आयोजित बैठक में नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में अधोसंरचना विकास, राज्य एवं केंद्र प्रवर्तित तथा 15वें वित्त आयोग की राशि से निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने इन नगरीय निकायों में आय-व्यय की स्थिति, कर संग्रहण की स्थिति, प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति, साफ-सफाई की व्यवस्था और वेतन भुगतान की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजू एस., संचालक कुंदन कुमार, सूडा के सीईओ सौमिल रंजन चौबे, नगरीय प्रशासन विभाग के मुख्य अभियंता और सभी संभागों के संयुक्त संचालक भी समीक्षा बैठक में मौजूद थे।

उप मुख्यमंत्री साव ने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को विकास कार्यों में आ रही समस्याओं का निराकरण तत्परता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन से रुकावटों को दूर कर कार्यों को तेजी से पूर्ण करने को कहा। उन्होंने भवन निर्माण और सीसी रोड में निर्माण और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता जांचकर अच्छी गुणवत्ता का कार्य सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के तहत निर्माणाधीन कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्री साव ने निर्माण और सफाई कार्यों का मौके पर नियमित निरीक्षण करने को कहा। उन्होंने प्रत्येक वार्ड के लिए नोडल अधिकारी नामांकित कर हर सप्ताह तीन दिन निकाय के अधिकारियों की टीम और जनप्रतिनिधियों के साथ सफाई और निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नालियों और सड़कों की साफ-सफाई की पुख्ता मॉनिटरिंग करते हुए वार्डों में अच्छी स्वच्छता सुनिश्चित करने को कहा।

श्री साव ने सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को संपत्ति कर के साथ ही अन्य करों की वसूली की नियमित समीक्षा करने को कहा। उन्होंने आगामी अप्रैल माह से इसके लिए विशेष अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकायों में अवैध कॉलोनियों के निर्माण पर नजर रखने के साथ ही ऐसा करने वालों पर कानूनी कार्यवाही करने को कहा। उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्तमान में प्रगतिरत सभी कार्यों को अप्रैल माह से पहले पूर्ण करने को कहा। उन्होंने कहा कि इनके निर्माण से गरीबों को आवास मिलने के साथ ही शहर साफ-सुथरा और व्यवस्थित भी होगा। श्री साव ने प्रधानमंत्री आवास योजना में अच्छे कार्य के लिए गोबरा-नवापारा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष कुमार विश्वकर्मा की पीठ थपथपाई और अन्य नगरीय निकायों को उनका अनुसरण करने को कहा। वहां योजना के तहत स्वीकृत 1435 आवासों में से 1270 आवासों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है जो कि स्वीकृत आवासों का 89 प्रतिशत है।

उप मुख्यमंत्री साव ने नगरीय निकायों में भविष्य की जरूरतों और लोगों के लिए सुविधाएं बढ़ाने के लिए काम करने को कहा। उन्होंने कहा कि ठेकेदारों को काम सौंपकर भूलना नहीं है। उन कार्यों की प्रगति पर लगातार नजर रखकर उच्च गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण कराना है। उन्होंने उद्यानों और तालाबों के सौंदर्यीकरण के साथ ही इन्हें आमोद-प्रमोद स्थल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अच्छा रखरखाव सुनिश्चित करते हुए इन जगहों को जीवंत और उपयोगी बनाने को कहा।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजू एस. ने समीक्षा बैठक में कहा कि निर्माण कार्यों में खराब गुणवत्ता की शिकायत नहीं आना चाहिए। मैदानी स्तर पर पूरी तैयारी होने के बाद ही नए कार्यों के प्रस्ताव विभाग को भेजें ताकि स्वीकृति मिलते ही तत्काल कार्यारंभ किया जा सके। उन्होंने संपत्ति कर के बड़े बकायादारों को चिन्हित कर हर बुधवार को इसकी वसूली के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी नगरीय निकायों में सड़कों, नालियों और चौक-चौराहों में अच्छी सफाई रखने को कहा। उन्होंने कहा कि साफ-सुथरा रहने से वहां आने वाले लोगों में शहर की अच्छी छबि बनती है। उन्होंने सड़कों पर इधर-उधर घूमने वाले मवेशियों को पकड़कर कांजीहाउस में रखने को कहा। उन्होंने सूखा एवं गीला कचरा को घर पर ही अलग-अलग एकत्र करने के बारे में लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए।

## सड़क में ठंड से ठिठुरते चोटिल भटके बालक की मदद करने रायपुर कलेक्टर के साथ पहुंची रेस्क्यू टीम



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सुशासन निहित प्रशासन की छवि रायपुर में पुनः देखने को मिली । महासमुंद जिले के रायकेरा गांव से भटककर रायपुर पहुंचें चोट से कराहते बालक के सड़क पर ठिठुरते हुए भटकने की सूचना कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह को मिलते ही पूरी प्रशासनिक टीम बालक की मदद के लिए तत्काल मौके पर पहुंची। इस दौरान कलेक्टर स्वयं भी मौके पर पहुंचे, उन्होंने बालक को समाज कल्याण विभाग के जरिए न सिर्फ आश्रय स्थल भिजवाया बल्कि महासमुंद कलेक्टर प्रभात मलिक को फोन कर बालक के सकुशल होने की सूचना गांव में रह रहे परिजनॉ को देने भी कहा ।

देर शाम अविनाश बिल्डर में कार्यरत जैद अली अपना काम पूरा कर घर लौट रहे थे तो एक चोटिल बालक तेलीबांधा फ्लाईओवर के नीचे ठंड से कांपते सड़क किनारे सिहरते अकेले भटकते दिखा ,उसे मदद पहुंचाने जैद ने अपने स्तर से प्रयास की कोशिश करते हुए अपने परिचित पंकज चोपड़ा से मदद मांगी। पंकज कोरोना काल में कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह की सेवा भावी छवि और कार्यशैली से अवगत होने के कारण रायपुर स्मार्ट सिटी के अधिकारियों से मदद पहुंचाने के लिए बात की। कलेक्टर डॉ. सिंह को जैसे ही यह सूचना मिली, उन्होंने समाज कल्याण विभाग के अपर आयुक्त शोएब काजी और स्वास्थ्य विभाग की टीम को दवा, कंबल, खाने और जरूरी सामानों के साथ जैद के बताये लोकेशन पर तत्काल पहुंचने का निर्देश दिया। रेस्क्यू टीम के साथ कलेक्टर स्वयं भी मौके पर पहुंचे और भूषण ध्रुव नाम के इस बालक से घर वालों की जानकारी ली। डरा सहमा यह बालक खुद को सिरपुर के पास रायकेरा का निवासी और पिता का नाम शंभु ध्रुव बताया है। समाज कल्याण विभाग की देख रेख में बालक को आश्रय स्थल रवाना कर दिया गया है जहां से उसे महासमुंद उसके गाँव रायकेरा भेजा जायेगा।



## मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने राष्ट्रीय बालिका दिवस की दी बधाई

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने सभी बालिकाओं को 24 जनवरी राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि बालिकाओं की मूल सुविधाओं, सम्मान और आजादी के प्रति लोगों को जागरूक करने और उनके प्रति भेदभाव को समाप्त करने के उद्देश्य से हर साल राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बालिकाओं के लिए अनुकूल वातावरण और नए अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के लिए प्राथमिकता से काम किया जा रहा है। श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि परिवार और समाज को भी बेटियों के साथ मजबूती से खड़े रहने की जरूरत है। उन्होंने सभी बेटियों से कहा कि वे आगे बढ़ें और अपने सपने साकार करें, राज्य सरकार का सहयोग हमेशा उनके साथ है।

## राज्य में अब तक 127.37 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के तहत एक नवंबर 2023 से धान खरीदी का अभियान निरंतर जारी है। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष मोदी की गारंटी के अनुरूप किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा अब तक किसानों से 127.37 लाख मीट्रिक टन धान का समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। धान के एवज में किसानों को 27504 करोड़ रूपए से अधिक की राशि का भुगतान बैंक के माध्यम से किया गया है। मार्कफेड के महाप्रबंधक से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में समर्थन मूल्य पर अब तक 22 लाख 94 हजार 718 किसानों से 127 लाख 37 हजार 970 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके एवज में किसानों को 27 हजार 504 करोड़ रूपए से अधिक की राशि का भुगतान बैंक के माध्यम से किया गया है। धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक 99 लाख 06 हजार 412 मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा 84 लाख 23 हजार 264 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# क्या आपको भी दिनभर चीटियां काटने जैसा दर्द महसूस होता है? अगर हां, तो हो सकती हैं ये 5 बीमारियां

हाथ पैरों में सुन्नाहट या झनझनाहट होना आम बात है। कभी कभी देर तक एक ही पोस्चर में बैठे रहने के कारण भी हाथ पैरों में झुरझुरी या क्रेंप आ जाता है। कई लोगों के हाथ पैरों में चींटी काटने जैसा दर्द और झन्नाहट होती है। ऐसा दिन में कई बार होता है और कभी कभी हाथ पैरों के साथ साथ सिर में भी ऐसा ही एक्सपीरिएंस होता है। अगर आपके साथ भी अक्सर ऐसा होने लगा है तो इसे नजरंदाज करने की बजाय इसके पीछे की वजह जाननी जरूरी है। हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं कि हाथ पैरों में चींटी काटने जैसी झनझनाहट के पीछे कुछ गंभीर परेशानियों के लक्षण हो सकते हैं। चलिए जानते हैं इनके बारे में।



### हाथ पैरों में क्यों लगता है काट रही हैं चीटियां

■ हाथ पैरों में चींटी काटने जैसी झनझनाहट पैदा होने का संकेत डायबिटीज हो सकता है। दरअसल जब शुगर मरीज की बॉडी में ब्लड शुगर का स्तर बढ़ता है तो हाथ पैरों में दर्द होने लगता है और झनझनाहट पैदा होने लगती है। ऐसा लगता है जैसे कई सारी चींटियां काट रही है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि ब्लड शुगर बढ़ने पर नसों को नुकसान होता है और हाथ पैर सुन्न पड़ जाते हैं। इसलिए अगर आपके साथ ऐसी परेशानी हो रही है तो आपको अपना ब्लड शुगर चैक करवाना चाहिए।

■ हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं कि शरीर में कुछ विटामिनों की कमी के चलते भी ऐसा एक्सपीरिएंस हो सकता है। इन विटामिनों में विटामिन बी 12 और विटामिन ई शामिल है। विटामिन ई की कमी से त्वचा में झुरझुरी पैदा होने लगती है।

■ इसके अलावा थॉयराइड की परेशानी में भी हाथ पैरों में झुनझुनाहट होना आम बात है। जब शरीर में थॉयराइड हार्मोन का इनबैलेंस होता है तो हाथ पैर सुन्न हो जाते हैं और झुरझरी होने लगती है।

■ आपको बता दें कि कई दवाओं के साइड इफेक्ट के रूप में भी हाथ पैरों में सुन्नाहट और झनझनाहट होती है। कैंसर के दौरान कीमोथैरेपी करवाने के बाद हाई बीपी, बुखार और के बाद दी जाने वाली दवाओं के चलते भी हाथ पैरों में ऐसा अनुभव होता है।

■ इसके साथ साथ शरीर में एक गंभीर बीमारी के रूप में अगर ट्यूमर पैदा हो रहा है तो इसका संकेत भी हाथ पैरों की झनझनाहट से मिलता है। ट्यूमर को आमतौर पर कैंसर जैसी बीमारी की शुरूआत माना जाता है। ऐसे में बॉडी की इम्यूनिटी कमजोर होती है और हाथ पैरों की नसें कमजोर होने के कारण शरीर में झनझनाहट होती है। ऐसे में अगर आपको बार बार ये समस्या हो रही है तो तुरंत डॉक्टरी जांच करवानी चाहिए।



# बॉडी बनाने के चक्कर में न करें ये गलतियां जानें जिम जानें की सही उम्र क्या है?

आज के युग में लाइफस्टाइल बहुत तेजी से बदल रही है। युवा पीढ़ी में खासकर फिट और अच्छी बॉडी पाने का क्रेज दिखाई दे रहा है। लड़के जिम में जाकर बॉडीबिल्डिंग और सिक्स पैक एब्स बनाने में लगे रहते हैं। वहीं लड़कियां भी जीरो फिगर और स्लिम बॉडी पाने के लिए भारी वर्कआउट करती हैं। ऐसे में बॉडी बनाने के चक्कर में बहुत जल्दी जिम जाना शुरू कर देते हैं, जोकि एक गलती हो सकती है। एक्सपर्ट के अनुसार कम उम्र में जिम शुरू करना हेल्थ के लिए काफी नुकसानदायक है। आइए जानते हैं कैसे?

### जानें कम उम्र में जिम क्यों नहीं करनी चाहिए

शरीर का विकास और मजबूती पाने के लिए व्यायाम और एक्सरसाइज बहुत जरूरी हैं। लेकिन एक्सपर्ट का कहना है कि 15-17 साल की उम्र यानी किशोरावस्था में बहुत भारी-भरकम वर्कआउट नहीं करना चाहिए। इस उम्र में शरीर और मांसपेशियों का विकास अभी पूरा नहीं हुआ होता है। इसलिए भारी वजनों से वर्कआउट करने पर मांसपेशियों और हड्डियों को नुकसान पहुंच सकता है। 18-20 साल की उम्र के बाद ही तेज वर्कआउट करने की सलाह दी जाती है।

### जिम नहीं खेल-कूद पर दें ध्यान

बचपन में शरीर का विकास होता है और हड्डियां मजबूत होती हैं। इस समय बच्चों को प्राकृतिक रूप से खेलना-कूदना चाहिए। घर के बाहर दोस्तों के साथ क्रिकेट, फुटबॉल जैसे खेल खेलें। पार्क में दौड़ें, कूदें, चढ़ाई करें। ये सब शारीरिक गतिविधियां युवाओं के लिए बेहद लाभदायक होती हैं। लेकिन 14-15 साल की उम्र मे बच्चों को जिम भेजना सही नहीं है। जिम की भारी एक्सरसाइज से बच्चों की मांसपेशियों में चोट लग सकती है। जोकि विकास के लिए सही नहीं है। कम उम्र में लड़का हो या लड़की सभी के लिए सबसे अच्छा व्यायाम है - योग और साइकिल चलाना। योग से शरीर की लचीलापन बढ़ती है और मानसिक तनाव कम होता है। साइकिलिंग से मांसपेशियां मजबूत होंगी और कार्डियोवैस्कुलर फिटनेस बढ़ेगी। तैराकी भी एक बहुत ही अच्छा विकल्प है।

### किस उम्र में जिम ज्वाइंन कर सकते हैं?

एक्सपर्ट की सलाह है कि कम से कम 18-20 साल की उम्र तक इंतजार करें। क्योंकि इस उम्र तक शरीर का विकास पूरा हो चुका होता है। इससे पहले गंभीर वर्कआउट करने पर मांसपेशियों और हड्डियों को नुकसान पहुंच सकता है। 18 की उम्र के बाद जिम ज्वाइन करके फिटनेस लेवल बढ़ाया जा सकता है।

## फिल्म मेरी क्रिसमस की कमाई की रफ्तार पड़ी धीमी, 11वें दिन का कारोबार रहा सबसे कम

श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी फिल्म मेरी क्रिसमस में पहली बार कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति की जोड़ी बनी है, जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर फिल्म की कहानी और दोनों की अदाकारी को समीक्षकों की तरफ से हरी झंडी मिली, लेकिन कुछ दर्शकों ने इस फिल्म को सिरे से नकार दिया है। पिछले कुछ दिनों से फिल्म की कमाई में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। मेरी क्रिसमस की कमाई के 11वें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है।

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने दूसरे सोमवार 11 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 17.58 करोड़ रुपये हो रहा है। मेरी क्रिसमस को लगभग 70 करोड़ रुपये की लागत में बनाया गया है। फिल्म के लिए अपना बजट वसूलना काफी मुश्किल हो गया है। फिल्म को जल्द सिनेमाघरों में हटाया जाएगा। मेरी क्रिसमस का निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया है, जो अंधाधुन और बदलापुर जैसी फिल्में दर्शकों के बीच पेश कर चुके हैं। इसमें राधिका आप्टे और अश्विनी कालसेकर का कैमियो है। मेरी क्रिसमस सिनेमाघरों में कमाई करने के बाद नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी।

## पंकज त्रिपाठी की मैं अटल हूं की कमाई में गिरावट, लाखों में सिमटा कारोबार

बीते शुक्रवार 19 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म मैं अटल हूं को समीक्षकों की तरफ से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। इसमें दिग्गज अभिनेता पंकज त्रिपाठी मुख्य भूमिका में हैं, जिन्होंने देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का किरदार निभाया है। फिल्म में उम्दा अदाकारी की काफी प्रशंसा हो रही है। इसके बावजूद मैं अटल हूं शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों के लिए तरस रही है और अब फिल्म का कारोबार लाखों में सिमट गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, मैं अटल हूं ने अपनी रिलीज के चौथे दिन 80 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 6.45 करोड़ रुपये हो रहा है। मैं अटल हूं ने 1.15 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी। वीकेंड पर फिल्म की कमाई में उछाल आया और दूसरे दिन इसने 2.1 करोड़ रुपये कमाए। तीसरे दिन यह फिल्म 2.4 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही।

## सिंगल शॉट फिल्म करना बहुत मुश्किल : हंसिका मोटवानी



अभिनेत्री हंसिका मोटवानी जल्द ही एक-शॉट तेलुगु फिल्म 105 मिनट्स में नजर आएंगी। इस तरह की अनूठी सिनेमाई कहानी में काम करने के बारे में उन्होंने कहा कि उन्हें चुनौतियां पसंद हैं और वह कुछ अलग करना चाहती हैं।

कोई... मिल गया में अपने काम के लिए मशहूर हंसिका एक-शॉट फिल्म की चुनौती स्वीकार करती हैं, जिससे उनकी बहुमुखी प्रतिभा और शानदार अभिनय क्षमता का पता चलता है।

यह प्रयोगात्मक फिल्म दर्शकों को एक रहस्यमय डरावनी कहानी की ओर आकर्षित करती है, जो बिना किसी कट के 105 मिनट तक चलती है। उसी के बारे में बात करते हुए हंसिका ने कहा, मैंने कभी भी सिंगल शॉट जैसा कुछ नहीं किया है। यह बहुत मुश्किल है क्योंकि सचमुच एक तरफ हवा है, दूसरी तरफ आग और बारिश है, लेकिन मुझे चुनौतियां पसंद हैं और मैं कुछ अलग करना चाहती थी इसलिए मैंने ऐसा किया।

वर्कफ्रंट की बात करें तो वह पिछली बार तेलुगु थ्रिलर फिल्म माई नेम इज श्रुति में नजर आई थीं। उनके पास राउडी बेबी, गार्जियन, मैन और वेब सीरीज नशा भी पाइपलाइन में है।

## शमा सिकंदर के नए फोटोशूट ने किया हैरान, थाई हाई स्लिट स्कर्ट में दिए किलर पोज



शमा सिकंदर ने अपनी एक्टिंग का जादू टीवी शोज से लेकर, फिल्मों और म्यूजिक वीडियोज में खूब चलाया है। हालांकि, उनके एक्टिंग कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई, लेकिन एक्ट्रेस अपने स्टाइलिश और ग्लैमरस लुक के कारण अक्सर चर्चा में रहने लगी हैं। ऐसे में आज वह देखते ही देखते सोशल मीडिया सेंसेशन बन चुकी हैं। फैंस तो उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं। एक्ट्रेस भी अपने चाहने वालों के साथ जुड़ी रहने के लिए लगभग हर दिन इंस्टाग्राम पर नया लुक शेयर करती रहती हैं।

शमा ने इंस्टाग्राम पर अपना नया फोटोशूट दिखाया है। इसमें एक बर फिर वो काफी गॉर्जियस दिख रही हैं। लेटेस्ट फोटोशूट के लिए शमा ने सीक्वेंस वाली थाई हाई स्लिट ब्लैक स्कर्ट कैरी की है। इसे उन्होंने क्रॉप टॉप के साथ पेयरअप किया है। शमा ने अपने इस लुक को फ्लॉन्ट करते हुए कैमरे के सामने एक से एक सिजलिंग पोज दिए हैं। अब उनका ये नया लुक काफी वायरल हो रहा है। शमा ने अपने इस लुक को शाइनी स्मूद बेस, न्यूड पिंक लिप्स और स्मोकी आई मेकअप से कंप्लीट किया है। इसके बाद उन्होंने बालों को सॉफ्ट कर्ली टच देकर हाई पोनीटेल की है। वहीं, एक्सेसरीज के तौर पर उन्होंने रोज गोल्ड नेट और ईयररिंग्स कैरी किए हैं। शमा इस लुक में स्टनिंग दिख रही हैं। फैंस के बीच उनका ये नया लुक भी काफी वायरल हो रहा है।

शमा के इस गॉर्जियस अवतार को देख अंदाजा ही नहीं लगाया जा सकता कि वह 42 साल की हो चुकी हैं। उन्होंने आज भी खुद को बहुत फिट रखा है। एक्ट्रेस ने हर अंदाज पर फैंस आंहें भरते रह जाते हैं। यही कारण है उनका हर लुक तेजी से वायरल होने लगता है।

## बड़े मियां छोटे मियां का नया पोस्टर हुआ रिलीज, धमाकेदार अंदाज में नजर आए अक्षय और टाइगर श्रॉफ




बड़े मियां छोटे मियां इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। फिल्म के मेकर्स ने फिल्म के पोस्टरों की रिलीज से फैंस को खूश कर दिया है और जल्द आने वाले टीजर का भी फैंस को बेसब्री से इंतजार है। पोस्टर के बारें में बताए तो इसमें लीड किरदार एक-दूसरे के साथ नजर आ रहे है। टीजर के प्रीमियर से पहले एक नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की जोड़ी नजर आ रही है। पोस्टर में टाइगर और अक्षय अपनी मसल्स दिखा रहे हैं और एक सिक्के के दो पहलू की तरह खड़े हैं और गोलियां चला रहे हैं। बैकग्राउंड में मिसाइलें और हेलिकॉप्टर देखे जा सकते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर शेयर की गई इस छवि में अक्षय और टाइगर को बंदूकों से लैस होकर एक दूसरे के पीछे खड़े दिखाया गया है और ऐसा लगता है कि वे अपने दुश्मनों के साथ गोलाबारी में फंसे हुए हैं। दोनों एक्टर को गुस्से में देखा जा सकता है, उनके चेहरे पर घाव और कटे हुए निशान दिखाई दे रहे थे। तस्वीर में विस्फोटों, हेलीकॉप्टरों और मिसाइलों के साथ एक अराजक सीन दिखाया गया था। फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया है और यह अप्रैल में ईद पर रिलीज होगी।

# मनोज बाजपेयी की द फेबल पहुंची बर्लिन फिल्म फेस्टिवल, ये उपलब्धि पाने वाली दूसरी भारतीय फिल्म

भारतीय सिनेमा जगत के शानदार अभिनेताओं में गिने जाने वाले मनोज बाजपेयी पिछले काफी समय से लगातार सुर्खियों में हैं। एक से बढ़कर एक फिल्मों में काम कर वाहवाही लूट चुके अभिनेता हाल ही में वेब सीरीज किलर सूप में नजर आए थे। इस बीच मनोज ने एक बार फिर सभी को खुश होने का मौका दिया है। दरअसल, मनोज की आगामी फिल्म द फेबल का प्रीमियर बर्लिन फिल्म फेस्टिवल में होगा।

सत्या, गैंग्स ऑफ वासेपुर और राजनीति जैसी कई फिल्मों के साथ-साथ वेब सीरीजों में काम कर चुके मनोज अगली बार राम रेड्डी निर्देशित द फैबल नाम की फिल्म में दिखाई देंगे। फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर बर्लिन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के आगामी 74वें संस्करण में होने वाला है।मनोज ने इसी के साथ ही अपने प्रशंसकों और पूरे देश को एक बार फिर गौरवान्वित कर दिया है। अभिनेता के प्रशंसक भी इस उपलब्धि से फूले नहीं समा रहे हैं।



दिलचस्प बात यह है कि यह पिछले 30 वर्षों में बर्लिन फिल्म फेस्टिवल की मुख्य श्रेणी में से एक में दिखाई जाने वाली दूसरी भारतीय फिल्म होगी। द फेबल का प्रीमियर पहले दिन शाम को होगा। 1994 में शेल्टर ऑफ द विंग्स के बाद से मुख्य प्रतियोगिता में कोई भारतीय फिल्म नहीं गई। मनोज ने भी इस पर खुशी जाहिर की है और उनके प्रशंसक उन्हें इसके लिए शुभकामनाएं दे रहे हैं।

मनोज ने कहा, द फेबल के कलाकारों में शामिल होना एक शानदार अनुभव रहा है। राम रेड्डी जैसे रचनात्मक इंसान के साथ काम करना और पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय प्रोडक्शन हाउस द्वारा समर्थित ए-फेस्टिवल में भाग लेना प्रेरणादायक रहा है। इस फेस्टिवल में हमारी फिल्म की उपस्थिति भारतीय कहानी कहने की वैश्विक पहुंच और कलात्मक क्षमता का प्रतीक है। इस फिल्म में दीपक डोबरियाल, प्रियंका बोस और तिलोत्तमा शोम, हिरल सिद्धू और बाल कलाकार अवान पुकोट जैसे कलाकार भी हैं।

फिल्म के लेखक और निर्देशक राम रेड्डी ने भी इस पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा, द फेबल सिर्फ एक फिल्म नहीं है, बल्कि मेरे मन का एक टुकड़ा है। मैं कई चीजों के लिए भाग्यशाली महसूस करता हूं। इनमें मनोज जी की प्रतिभा और ऐसे अद्भुत कलाकारों के साथ काम कर पाना, बर्लिन के प्रतिस्पर्धी वर्ग में प्रीमियर करना शामिल है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसको बिल्कुल वैसे ही बताने का अवसर मिला जैसा मैंने सोचा था।

मनोज को आखिरी बार किलर सूप में देखा गया था। इसमें वह कोंकणा सेन शर्मा के साथ मुख्य किरदार निभाते नजर आए थे। नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई सीरीज में अभिनेता के अभिनय को खूब सराहना मिली है। इससे पहले वह फिल्म जोरम में दिखे थे।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243



Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है



मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### कलेक्टर से मिले प्री मैट्रिक छात्रावास बिलाईगढ़ की बालिकाएं

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर के.एल. चौहान ने विगत पाक्षिक में प्री मैट्रिक छात्रावास बिलाईगढ़ का निरीक्षण किया था। इस दौरान बच्चों की जिज्ञासा अनुरूप कलेक्टर के जिला मुख्यालय भ्रमण आव्हान पर बालिकाएं मंगलवार को चौहान से उनके कक्ष में मिले। बच्चों ने कलेक्टर चौहान से इस पद तक पहुंचने के संघर्ष और कौन सा विषय लेकर पढ़ाई की, इसके बारे में प्रश्न की। कलेक्टर चौहान ने बच्चों को बताया कि वे बायो से बीएससी, एमएससी, एमफिल तक की शिक्षा प्राप्त की। ग्रामीण परिवेश में प्राप्त बुनियादी सुविधा से उन्होंने पढ़ाई की। कलेक्टर ने बच्चों को उत्कृष्ट ढंग से पढ़ाई कर और गणित पर ज्यादा फोकस कर पढ़ाई करते हुए मोबाइल और टीवी सीरियल से दूर रहकर जीवन में आत्मनिर्भर होकर बेहतरीन कैरियर निर्माण के लिए प्रोत्साहित किया। बालिकाओं ने कलेक्टर चौहान के जिला मुख्यालय अवलोकन के पहल की सराहना की। एक बालिका ने देशभक्ति गीत का गायन की। बच्चों ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बाल फिल्म का अवलोकन किया। दोपहर भोजन करने के बाद बच्चों ने एसपी कार्यालय का अवलोकन किया। कलेक्टर से मुलाकात के दौरान परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान, जिला शिक्षा अधिकारी एस.एन. भगत, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग आशीष बैनर्जी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने ली शांति एवं कानून व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों की बैठक

**मोहला।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शांति एवं कानून व्यवस्था के संबंध में राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजस्व एवं पुलिस प्रशासन सामूहिक प्रयास के साथ कार्य करें। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं पुलिस विभाग के अनुविभाग स्तर के अधिकारियों को अपने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांवो की सतत निगरानी रखने और शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए समय-समय पर नागरिकों से भेंट करने व समस्याओं को सुनने के निर्देश दिये हैं। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि नक्सली गतिविधियों को देखते हुये आम जनों की सुरक्षा और उनके हितों को ध्यान में रखते हुए उन्हें आवश्यक सुरक्षा का एहसास दिलाये। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित ना हो और शांति व्यवस्था निर्मित रहे इसे ध्यान में रखते हुए मैदानी अमले के अधिकारी नियमित रूप से अपने क्षेत्र का भ्रमण करें। बैठक में कलेक्टर ने अवैध खनिज परिवहन, उत्खनन पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिये हैं। अवैध शराब के परिवहन और विक्रय पर भी कड़ी नजर रखने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने सीमावर्ती जिला और सीमावर्ती अन्य राज्य से धान का परिवहन जिले में ना हो इसके लिए नियमित जांच का कार्य करने के निर्देश दिये है। बैठक में पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह ने कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में कहा कि पुलिस अधिकारी आम नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाये। नियमित सर्च करें, साथ ही संदिग्ध क्षेत्र में सवेदनशीलता के साथ कार्य करने कहा है।

### छत्तीसगढ़ को मिला एक और राष्ट्रीय पुरस्कार

# गैर कोयला मुख्य खनिज ब्लॉकों की नीलामी के लिए द्वितीय बेस्ट परफॉर्मेंस अवार्ड

श्रीकचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य को गैर कोयला मुख्य खनिज ब्लॉकों की नीलामी के लिए एक और राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री प्रहलाद जोशी ने आज मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित राज्य खनन मंत्री सम्मेलन में गैर कोयला मुख्य खनिज ब्लॉकों की सफलतापूर्वक नीलामी के लिए छत्तीसगढ़ को देशभर में द्वितीय बेस्ट परफॉर्मेंस अवार्ड से नवाजा है। यह पुरस्कार भारत सरकार के खनन मंत्रालय द्वारा दिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि के लिए खनिज विभाग के सभी अधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।**



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय खनन मंत्री सम्मेलन में केन्द्रीय मंत्री श्री प्रहलाद जोशी से छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से श्री अनुराग दीवान, संयुक्त संचालक (खनिज प्रशासन) एवं इंचार्ज ऑक्शन तथा श्री संजय कनकने संयुक्त संचालक (भौमिकी) द्वारा अवार्ड प्राप्त किया गया।

गौरतलब है कि प्रदेश में वर्ष 2015 उपरांत राज्य में ई-ऑक्शन के माध्यम से कुल 35 आबंटित गैर कोयला मुख्य खनिज ब्लॉकों में से 20 खनिज ब्लॉकों का आबंटन वर्ष 2022-23 में किया गया है। इनमें 02 चूनापत्थर, 09 लौह अयस्क, 05 बाक्साइट ब्लॉक्स एवं 02 निकल-क्रोमियम-प्लेटिनम-ग्रुप ऑफ एलीमेंट एवं 02 ग्रेफाइट खनिज सहित कुल 20 ब्लॉक्स का ई-ऑक्शन के माध्यम से खनिज पट्टा-कांपोजिट लायसेंस आबंटन किया गया। प्रदेश में बहुमूल्य एवं सामरिक महत्व के खनिजों के अन्वेषण एवं दोहन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से सितंबर, 2022 में राष्ट्रीय स्तर का स्टेकहोल्डर्स कॉन्फ्रेंस कराया गया था।

खनिज अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य निकल-क्रोमियम-प्लेटिनम-ग्रुप ऑफ एलीमेंट खनिज ब्लॉक का आंबटन करने वाला देश का पहला राज्य है।

इसी प्रकार राज्य में प्रथम बार लौह अयस्क, बॉक्साइड एवं ग्रेफाईट ब्लॉक्स का आबंटन भी सफलतापूर्वक किया गया है। उन्होंने बताया कि 20 खनिज ब्लॉकों के सफल आबंटन से रायल्टी, डीएमएफ, एनएमईटी, पर्यावरण एवं अधोसंरचना उपकर के अतिरिक्त लगभग 43,700 करोड़ रूपए की आय बतौर प्रीमियम राज्य को होगी।

## मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जाएगा राशनकार्ड का नवीनीकरण

श्रीकचनपथ न्यूज

**कोरबा। प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी अंत्योदय, प्राथमिकता, निराश्रित, निःशक्तजन तथा सामान्य राशनकार्डों का नवीनीकरण के लिए अभियान 25 जनवरी 2024 से प्रारंभ किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा इस संबंध में निर्देश जारी किया गया है। खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्डधारियों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए राशनकार्डों के समयबद्ध नवीनीकरण हेतु नया मोबाईल ऐप तैयार किया गया है।**

जिसे राशनकार्डधारी अपने मोबाइल, उचित मूल्य दुकानों में संधारित टेबलेट, दुकान संचालक के पंजीकृत मोबाइल में खाद्य विभाग की वेबसाइट से ऐप को डाउनलोड कर राशनकार्ड के नवीनीकरण हेतु आवेदन ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकते हैं। सभी राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य 25 जनवरी 2024 से 29 फरवरी 2024 तक किया जाएगा। जिसके अंतर्गत आवेदन प्राप्ति 25 जनवरी से 15 फरवरी 2024 तक तथा नवीनीकृत राशनकार्ड प्रदाय हेतु 01 फरवरी 2024 से 29 फरवरी 2024 तक समय सीमा निर्धारित है।

कलेक्टर अजीत वसंत ने इस संदर्भ में आयुक्त नगर निगम, सभी सीएमओ नगरीय निकाय, सर्व जनपद सीईओ एवं सहायक खाद्य अधिकारी व खाद्य निरीक्षक को आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया है।

प्रत्येक उचित मूल्य दुकान स्तर पर राशनकार्ड नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत करने वाले हितग्राहियों की सहायता हेतु नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी। इस क्रम में ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद सीईओ द्वारा सभी पंचायत सचिव को संबंधित उचित मूल्य दुकानों के नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त करने की कार्यवाही करेंगे। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्रों में आयुक्त व सीएमओ द्वारा प्रत्येक उचित मूल्य दुकान पर नोडल अधिकारी की नियुक्ति करेंगे।

संबंधित क्षेत्र सहायक खाद्य अधिकारी, खाद्य निरीक्षक द्वारा 24 जनवरी को जनपद पंचायत, नगरीय निकायों में निर्धारित स्थल पर राशन कार्ड नवीनीकरण हेतु आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। साथ ही जनपद एवं नगरीय निकाय समन्वय स्थापित कर राशन कार्ड नवीनीकरण संबंधी समस्त कार्यवाही पूर्ण कराएंगे।

## भारत सरकार की संयुक्त सचिव ने जोडेकेरा में किसानों के संग देखी ड्रोन द्वारा कृषि की तकनीक

श्रीकचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य विभाग की संयुक्त सचिव तथा वित्तीय सलाहकार श्रीमती यतीन्द्र प्रसाद ने आज कोण्डागांव जिले के गम्हरी और जोड़ेकेरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने गम्हरी में विकसित भारत क्विज प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए इसके साथ ही वॉलीबॉल प्रतियोगिता की विजयी टीम का सम्मान किया।



इस अवसर पर संयुक्त सचिव द्वारा कैलेंडर वितरण, 03 किसानों को भिंडी बीज का वितरण, 03 किसानों को नैनो यूरिया का वितरण किया गया साथ ही ग्रामीणों ने शासकीय योजनाओं के हुए लाभों के संबंध में भी अपनी कहानी को बयां किया। इसके पश्चात वे जोडेकेरा पहुंचे जहां जनपद अध्यक्ष प्रेमशिला मंडावी एवं सरपंच कमला मंडावी के साथ उन्होंने सभी स्टॉल का भ्रमण करते हुए गांव के स्थानीय कलाकारों को सम्मानित करने के साथ विकसित भारत क्विज प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों का भी सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया के छिड़काव एवं अन्य कृषि अनुप्रयोगों के सम्बंध में कृषि तकनीक की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने 05 किसानों को भिंडी बीज वितरण करने के साथ 02 महिलाओं को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन का वितरण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## दस हजार दीयों से जगमग हुआ तुरतुरिया धाम, श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर हुआ दीपोत्सव का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बलौदाबाजार-भाटापारा जिला राममय हो गया। इस एतिहासिक दिन का साक्षी बना श्री राम वन गमन परिपथ में शामिल लव कुश की जन्म स्थली तुरतुरिया धाम। जहां पर शाम होते ही 10 हजार श्री राम ज्योति प्रज्ज्वलित किए गए। जिससे पूरा तुरतुरिया धाम जगमग हो गया।**



वन विभाग एवं जिला प्रशासन के तत्वाधान में आयोजित किए गए इस विशेष दीपोत्सव में शाम होते ही दीप जलाने के लिए आसपास के ग्रामीण एवं श्रध्दालुओं बड़ी संख्या में पहुंचने लगे। वाल्मिकी आश्रम से लेकर बालमदेही नदी एवं मातागढ़ तक दीपक जलाए गए। इसके साथ ही प्रवेश द्वार, आईसीटी सेंटर, पार्किंग स्थल, गार्डन एवं अन्य स्थलों में दीपक सहित रंगबिरंगी लाईटों से पूरे स्थल को रोशनी से सजाया गया था। इस मौके पर लोगों ने उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। कई ग्रामीणों ने तो घर से ही दीपक सजाकर आये थे।

दीपोत्सव पर जनसंपर्क विभाग द्वारा कला जत्था के माध्यम से प्रभु श्री राम के आदर्शों पर आधारित प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत मिश्रा, स्थानीय जनप्रतिनिधि गण, बारनवापारा अभ्यारण्य अधीक्षक, वन विभाग एसडीओ, जनपद पंचायत सीईओ, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित आसपास के ग्रामीण श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# भिलाई महिला समाज ने हर्षोल्लास से मनाया वार्षिकोत्सव

श्रीकचनपथ न्यूज

**भिलाई।** अंचल और देश की प्रमुख समाजसेवी महिला संगठनों में से एक इस्पात नगरी, भिलाई की सशक्त महिला संगठन, भिलाई महिला समाज ने 20 जनवरी 2024 को बड़े हर्षोल्लास के साथ अपना वार्षिक उत्सव मनाया। यह समारोह महात्मा गांधी कलामंदिर, भिलाई में आयोजित किया गया। समारोह में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की।



इस अवसर पर, कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रबर्ती, कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक समीर स्वरुप एवं कार्यपालक निदेशक (माइंस) बी के गिरी मौजूद थे। समारोह में भिलाई महिला समाज की उपाध्यक्ष श्रीमती नीरजा कुमारी सिंह, अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती प्रणोती मुखोपाध्याय, अतिरिक्त उपाध्यक्ष मोली चक्रवर्ती, अतिरिक्त उपाध्यक्ष मीरा पंडा, अतिरिक्त उपाध्यक्ष नुपुर स्वरुप, अतिरिक्त उपाध्यक्ष स्मिता गिरी, महासचिव साधना गोयल, कोषाध्यक्ष शिखा जैन, सह-कोषाध्यक्ष दीपन्विता पाल एवं भिलाई महिला समाज के विभिन्न क्लबों के प्रभारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे। इस समारोह में भिलाई महिला समाज के सेक्टर-4 क्लब, सेक्टर-8 क्लब, सेक्टर-10 । क्लब, नेहरू नगर क्लब व मरोदा क्लब ने शिरकत की।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने भिलाई महिला समाज के वार्षिक उत्सव की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, कि भिलाई महिला समाज अपने प्रयासों से महिलाओं को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। भिलाई महिला समाज ने अपने सामाजिक दायित्वों का बखूबी निर्वहन किया है। यह अनुकरणीय है, कि भिलाई महिला समाज ने अपनी क्षमता को समाज के उत्थान के लिए उपयोग किया है। अगर नारी सशक्त होती है तो पूरा परिवार और समाज सशक्त होता है। समाज के समग्र विकास में महिलाओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है और भिलाई महिला समाज इसका जीता जागता उदाहरण है। वार्षिकोत्सव समारोह में भिलाई महिला समाज द्वारा संचालित विभिन्न क्लबों एवं विविध समुहों द्वारा सांस्कृतिक नृत्य और नाटक प्रस्तुत किया गया। समारोह के आकर्षण का केन्द्र भिलाई महिला समाज के विभिन्न क्लबों के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत साँस्कृतिक कार्यक्रम रहे। जिसमें विभिन्न क्लबों के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और महिला समाज ने अपनी इन प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों की खूब तालियां बटोरी।

साथ ही, यहाँ हाउसी गेम भी रखा गया था, जिसका सभी ने भरपूर आनंद उठाया। जिसके बाद गेम के विजेताओं को उपहार भी वितरित किया गया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण नेहरु नगर क्लब की सचिव श्रीमती रीता विश्वकर्मा ने किया। समारोह के अंत में, मरोदा सेक्टर की सदस्य श्रीमती पुनीता कौशल ने आभार प्रदर्शन किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन सेक्टर- 8 क्लब की सदस्य श्रीमती भारती खांडेकर एवं मरोदा सेक्टर की सदस्य श्रीमती नीलिमा द्वारा किया गया।

## कलेक्टर ने टीबी मरीजों को प्रदान किया फूड बास्केट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने आज प्रधानमंत्री टी.बी मुक्त अभियान के तहत जिले के विकासखण्डों में चिन्हांकित टीबी मरीजों को आवश्यक पोषण सहायता (फूड बास्केट) प्रदान किया। साथ ही मरीजों का स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ एस. एन. केशरी, जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ जी. एस. जात्रा, डब्लूएचओ कंसल्टेंट डॉ. रितु कश्यप, डीपीएम डा अशरफ अंसारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



गौरतलब है कि जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा जिले में 120 चिन्हांकित टीबी मरीजों हेतु निक्षय मित्र बनकर उनके इलाज के दौरान आवश्यक पोषण सहायता के लिए फूड बास्केट प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि इन प्रदायित फूड बास्केट को प्रत्येक विकासखण्ड के अतिरिक्त पोषण आहार की आवश्यकता वाले 20 चिन्हांकित टी.बी. मरीज को वितरित किया गया है।

सीएमएचओ डॉ. केशरी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में संपूर्ण देश में प्रधानमंत्री टी.बी मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत वर्ष 2025 तक देश से टीबी रोग का उन्मूलन करना है। उन्होंने बताया कि टीबी से लडने के लिए दवा के अलावा पोषण युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन भी जरूरी है। इस हेतु योजनांतर्गत एक अभिनव पहल करते हुए जिले के कार्पोरेट व्यक्ति, जनप्रतिनिधी, अधिकारी, कर्मचारी, समाज सेवक आदि को निक्षयमित्र बनकर टीबी मरीजों को गोद लेकर उनके इलाज के दौरान आवश्यक पोषण सहायता दिए जाने जी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत सांसद, विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि, समाज सेवी, उद्योगपति, शासकीय सेवक, रेडक्रास सोसायटी, सी एस.आर. विंग्स व सामान्य नागरिक ऑनलाईन लागिन कर निक्षय मित्र बन सकते हैं। साथ ही जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी मेडिकल कॉलेज कोरबा से संपर्क कर भी निक्षय मित्र के रूप में अपना पंजीयन कराकर टीबी मरीजों को 06 महीने (प्रतिमाह 500 रूपये) तक दाल, सोयाबीन बड़ी, तेल, मूंगफली या दूध पाउडर जैसे पोषण आहार उपलब्ध करा सकते हैं।

मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर



### छत पर झंडा बांधते हाईटेंशन की चपेट में आया व्यापारी, करंट लगने से हुई मौत, पत्नी भी घायल

**रायपुर।** राजधानी के लाखेनगर इलाके में 22 जनवरी को घर की छत पर झंडा बांधते समय हाईटेंशन की चपेट में आने से शख्स की मौत हो गई। वह अपनी पत्नी के साथ झंडा बांध रहा था इस दौरान हादसे का शिकार हो गया। वहीं उसकी पत्नी भी गंभीर रूप से घायल है। मामला आजाद नगर थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार लाखेनगर के सोनकर नगर निवासी लक्ष्मण सोनी सोमवार की दोपहर एक बजे अपनी पत्नी के साथ छत पर झंडा बांधने गया। झंडे को बांधने के लिए उसने लोहे की पाइप का इस्तेमाल किया। पेशे से सब्जी के थोक व्यापारी का यहां तीन मंजिला मकान है और उसके ऊपर से हाईटेंशन तार गई हुई है। झंडा लगाते समय लोहे का पाइप हाईटेंशन की चपेट में आ गया जिससे जोरदार झटका लगा। झटका लगने से दोनों दूर जा गिरे। मौके पर चीख पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने दोनों पति पत्नी को अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं इस हादसे में उसकी पत्नी मोनिका सोनकर गंभीर रूप से घायल हो गई है। जिसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के परिजनों को सौंप दिया है।

### खेत में घुसी बाइक, एक की हुई मौत, दूसरा युवक घायल

**गरियाबंद।** सोमवार को लगभग 2:30 बजे कुरूद व पंडरी तराई के बीच बकरम पाठ मंदिर के पास मोटरसाइकिल खेत में जा घुसी। इसमें घटना स्थल पर ही एक व्यक्ति की मौत हो गई। दूसरा गंभीर रूप से घायल है जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। मौके पर पहुंचे 108 के कर्मचारियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। डॉक्टर सूर्यकांत साहू ने एक व्यक्ति का मृत घोषित कर दिया वहीं दूसरे को इलाज के बाद गरियाबंद रेफर कर दिया। वे गरियाबंद के झितरी डूमर गांव के बताए जा रहे हैं। उनका नाम गौतम यादव और मिथिलेश यादव बताया गया है। मौके पर गौतम यादव की मौत हो गई।

# शारदापारा कैंप-2 में नाबालिग की चाकू गोदकर हत्या, नाबालिग सहित पांच आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शारदा पारा कैंप-2 में रविवार रात को नाबालिग की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने एक नाबालिग सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी शारदापारा कैंप-2 क्षेत्र के रहने वाले हैं। हत्या के दूसरे दिन ही पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया था। जांज पूरी होने के बाद मंगलवार को मामले का खुलासा करते हुए आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हों रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।



बता दें रविवार की रात लगभग 8.30 बजे शारदापारा कैम्प 02 निवासी संतोष साव अपने टेन्ट वाली गाडी टाटा-एस को पीछे कर रहा था। इस दौरान मोहल्ले के दो युवक बाइक से पहुंचे और उनकी टाटा एस के पीछे से टकरा गए। इस बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ। विवाद बढ़ा तो दोनों युवक ने अपने दोस्तों को बुला लिया। कुल पांच लड़कों ने संतोष साव एवं उसके वर्कर गज्जू निर्मलकर से मारपीट की। इस बीच एक ने संतोष साव के भतीजे शिवम साव (17) को चाकू से पेट में और वर्कर गज्जू निर्मलकर को हाथ में मार दिया। शिवम साव को पेट में गंभीर चोट लगने से तत्काल उसे बीएमशाह अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गयी।

जांच के दौरान पुलिस प्रार्थी शुभम साव की शिकायत के आधार पर अंकेश चैहान उर्फ बाबू, चंद्रेश प्रधान उर्फ छोटे, राहुल प्रजापति उर्फ भोला, सुमित चैहान व एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में सभी ने हत्या की बात स्वीकार की। छावनी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 302, 307, 147, 148 के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी छावनी सोनल गवाला, उपनिरीक्षक वरूण देवता, अजय सिंह, एएसआई उदयशंकर झा, प्रधान आरक्षक मुरलीधर कश्यप, जसपाल सिंह, आनंद तिवारी, रामनारायण यदु, आरक्षक संजय सोनी, अखिलेश मिश्रा, जीत नारायण, त्रिलोक भाठी, आकाश तिवारी, पंकज राय, मनोज सिंह की भूमिका सराहनीय रही।

### ट्रक से 280 क्विंटल धानका अवैध परिवहन, जब्त

**गरियाबंद।** ट्रक से धान का अवैध परिवहन कर रहे एक व्यक्ति को बुंदेली चौकी पुलिस ने पकड़ा है। ट्रक में कुल 280 क्विंटल धान भरा हुआ था। पुलिस ने वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर धान व ट्रक दोनों को जब्त किया है। पुलिस के अनुसार 21 जनवरी को मुखबिर से धान के अवैध परिवहन की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस टीम ने ग्राम छिंदौली के पास ट्रक (सीजी 04एचवाय 5951) को घेराबंदी कर रोका। वाहन चालक ने अपना नाम फिंगेश्वर जिला गरियाबंद निवासी जयवंत कुमार ध्रुव (34) बताया।

ट्रक से धान परिवहन व बिक्री करने के संबंध में शासकीय मण्डी का टोकन/कागजात पेश करने के लिए उसे धारा 91 जाफौ का नोटिस दिया गया। उसने अपने पास कोई वैध कागजात/टोकन नहीं होना बताया। पुलिस ने उसके कब्जे से कुल 280 क्विंटल धान जब्त किया। इसकी कीमत 8 लाख 68 हजार रुपए आंकी गई। साथ ही 20 लाख रुपए कीमती ट्रक को भी जब्त किया।

### नवजात बच्ची को चूहों के बिल में डाला

# रोने की आवाज आई तो लोगों ने निकाला प्रेमी के न अपनाने के बाद प्रेमिका की करतूत

**जगदलपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के एक गांव में नवजात बच्ची को उसकी मां ने चूहों के बिल में पाट दिया। हालांकि, रोने की आवाज सुनकर लोग मौके पर पहुंचे और बच्ची को बिल से बाहर निकाला। इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बच्ची की हालत अभी ठीक है। मामला कोड़ेनार थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, मामला जिले के तोकापाल गांव का है। इस गांव की रहने वाली एक युवती का एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा है। युवती गर्भवती थी। 22 जनवरी की आधी रात युवती ने बच्ची को जन्म दिया। जिसके बाद उसने इसकी जानकारी अपने प्रेमी को दी। युवक ने



प्रेमिका और बच्ची को अपनाने से मना कर दिया।

#### चूहों के बिल में डालकर पाट दिया

इसके बाद 23 जनवरी को युवती ने नवजात को मारने का प्लान बनाया और गांव में ही नीलगिरी के पेड़ के पास चूहों के बिल में बच्ची को पाट दिया। जिस समय नवजात को पाटा गया, उसके कुछ देर बाद ही गांव के कुछ लोग वहां पहुंचे। लोगों ने बच्ची के रोने की आवाज सुनी। इसके बाद चूहों के बिल से बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

#### जांच में जुटी पुलिस

मामले की जानकारी पुलिस और एंबुलेंस को दी गई। मौके पर पहुंची 108 संजीवनी एक्सप्रेस से बच्ची को फौरन गांव के अस्पताल लाया गया। फिर उसे बेहतर इलाज के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों की मानें तो बच्ची की स्थिति खतरे से बाहर है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। जांच पूरी होने के बाद मामले के खुलासा किया जाएगा।

### छत्तीसगढ़ में शादी का झांसा देकर युवती से रेप

# गर्भवती होने पर शादी से मुकरा युवक मुंबई से पकड़ लाई जांजगीर पुलिस

**जांजगीर-चांपा (ए)।** जांजगीर-चांपा जिले की रहने वाली युवती से युवक ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। आरोपी रवि चौहान को पुलिस ने 10 माह बाद मुंबई के अंधेरी इलाके से गिरफ्तार किया है। आरोपी पर धारा 376 के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया है। पूरा मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी अनुसार, पीड़ित युवती ने 25 मार्च 2023 को शिकायत दर्ज कराई थी। रवि चौहान जोकि शिवरीनारायण में रहकर गाड़ी चलाने का काम करता था, जिससे मुलाकात हुई थी। इस बीच रवि चौहान ने शादी करने की बात कही। इसके बाद दुष्कर्म किया, जिससे वह गर्भवती हो गई। इसके बाद रवि चौहान से शादी करने की बात कही, लेकिन रवि ने शादी करने से इनकार कर दिया।

#### आरोपी के खिलाफ376 के तहत मामला दर्ज

शिवरीनारायण थाने में आरोपी रवि चौहान के खिलाफ धारा 376



के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर तलाश की जा रही थी, जोकि आरोपी घटना दिनांक से ही फरार चल रहा था। गिरफ्तारी नहीं हो पा रही थी।

#### रवि चौहान को पुलिस ने हिरासत में लिया

इसी बीच साइबर सेल की मदद ली गई, जिसपर आरोपी मुंबई के अंधेरी इलाके में होने की जानकारी मिली। जहां पुलिस की टीम भेजी गई। अंधेरी से आरोपी रवि चौहान को पुलिस ने हिरासत में लिया। रवि चौहान अंधेरी के इलाके में रहकर रोजी मजदूरी का काम करता था।

#### आरोपी को भेजा गया जेल

पुलिस ने आरोपी को पकड़ कर शिवरीनारायण थाने लाया। यहां घटना के संबंध में पूछताछ की गई। इस दौरान आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी के खिलाफ सबूत पाए जाने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### महिला की पीट-पीटकर हत्या

# 2 भाइयों ने छाती और पेट में मारी लात, फिर नाली में पटका, कोर्ट ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**रायगढ़ (ए)।** रायगढ़ में शराब के नशे में दो भाइयों ने एक महिला की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इस मामले में एडिशनल सेशन कोर्ट ने फैसला सुनाया है। दोनों भाइयों को आजीवन कारावास और जुर्माने से दंडित किया है। जुर्माने की राशि नहीं चुकाने पर अतिरिक्त कारावास भुगतने का आदेश जारी किया है।

दरअसल, मालती सिदार भीख मांग कर गुजारा कर अटल आवास खरसिया में निवास करती थी। 18 अक्टूबर को मालती सिदार अपनी मां पनबुडी सिदार के घर अटल आवास गई हुई थी। इसी बीच शाम करीब 5 बजे दोनों अपने घर के बाहर बैठे हुए थे, तभी मोहल्ले का करण राजपूत और अर्जुन राजपूत दोनों भाई नशे की हालत में वहां पहुंचे और गाली गलौज करने लगे।

#### महिला की छाती और पेट में मारी लात

दोनों को जब मना किया गया तो वे आक्रोशित हो उठे और मारपीट पर उतारू हो गए। महिला की छाती और पेट में लात-घूंसे




से मारपीट की। इसके साथ ही उसे घसीटकर नाली में पटक दिया। इसके बाद उनका मन नही भरने से फिर से उसके साथ मारपीट की। इस घटना में कुछ देर बाद मालती सिदार की मौत हो गई।

#### मालती की हत्या कर दी गई

इस घटना को मोहल्लेवासी देख रहे थे, लेकिन दोनों की आपराधिक प्रवृत्ति के होने के कारण कोई महिला को बचाने नहीं गया। करण और अर्जुन के द्वारा मालती की हत्या कर दिए जाने के बाद मामले की रिपोर्ट में दोनों आरोपियों के खिलाफधारा 294, 506, 323, 302, 34 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।

#### सबूत पाए जाने पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया

विवेचना में आरोपियों के खिलाफ 294, 506, 323, 302, 34 के तहत सबूत पाए जाने पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में विवेचना के समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण करने पर मामला न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उपार्पण आदेश 03 फरवरी 2022 को प्रकरण सत्र न्यायालय को विचारण के लिए उपार्पित किया गया।

इस मामले में एडिशनल सेशन कोर्ट के न्यायाधीश ने जितेन्द्र कुमार ठाकुर ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद सबूतों और गवाहों के आधार पर आरोपी करण और अर्जुन को दोषी करार दिया। दोनों को आजीवन कारावास और पांच-पांच हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है। इस मामले में अपर लोक अभियोजक विमला महंत ने पैरवी की।

### आबकारी विभाग ने पकड़ा 25.38 लीटर अवैध शराब

**बालोद।** कलेक्टर चन्द्रवाल के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में बालोद जिले में अवैध मदिरा निर्माण, धारण, परिवहन एवं विक्रेताओं के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी शर्मा ने बताया कि शराब कोचियों के विरूद्ध अवैध निर्माण, धारण, परिवहन, विक्रय एवं चैर्यनयन के विरुध्द कार्यवाही करते हुए जिले 22 जनवरी को थाना गुण्डरदेही क्षेत्र के अंतर्गत आरोपी भावसिंह, उम्र 38 वर्ष, साकिन रेलवे फाटक चैनगंज वार्ड क्रमांक 14 गुण्डरदेही के पास से 109 नग पाव देशी मदिरा प्लेन शराब कुल 19.62 लीटर जब्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1), 34(2) एवं 59 (क) के तहत एक प्रकरण कायम कर एक आरोपी को जेल भेजा गया।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बेमेतरा

**संक्षिप्त ई- निविदा आमंत्रण सूचना**
**क्रमांक-30 (प्रथम बार)**

क्रमांक/96/व.ले.लि./ग्रायांसेवा/2023-24 | बेमेतरा, दिनांक 22.01.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा प्रतिशत दर पर दिनांक 05.02.2024 तक ऑनलाइन ई- निविदा आमंत्रित की जाती है.

| क्र. | कार्य का विवरण | ठेके की अनुमानित लागत (लाख रु. में) |
|---|---|---|
| 1 | मलीय कीचड़ प्रबंधन (FSM) फिकल स्लज मैनेजमेंट प्लांट निर्माण कार्य ग्राम ढोलिया, वि.ख. बेमेतरा | 36.79 |
| 2 | मलीय कीचड़ प्रबंधन (FSM) फिकल स्लज मैनेजमेंट प्लांट निर्माण कार्य ग्राम ठेलका, वि.ख. साजा | 36.79 |

निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट 2.10) एवं निविदा दस्तावेज (परिशिष्ट 2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in अथवा कार्यालयीन अवधि में उपस्थित होकर दिनांक 22.01.2024 से देखी/डाउनलोड की जा सकती है.

(महाजन बांधड़े)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग बेमेतरा

जी-07286/4

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026,
8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### एकसाथ पांच लोगों ने देहदान कर पेश की मानवता की मिसाल

**भिलाई।** रिसाली के समीपस्थित गांव धनोरा के पांच प्रबुद्ध जनों ने एक साथ देहदान कर मानवता की मिसाल कायम की है। देहदान हेतु विधायक ललित चंद्राकर को मुख्य अतिथि एवं प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी को विशिष्ट अतिथि के रूप में मातृ छाया जन कल्याण समिति द्वारा आमंत्रित किया गया था। समिति के वार्षिक उत्सव के दौरान देहदान हेतु एक विशेष सत्र रखा गया था, जहां पवन केसवानी ने मंच से ही देहदान की काउंसलिंग की गई। इसके बाद धनोरा के ईश्वर सिंह वर्मा और उनकी पत्नी मैना बाई वर्मा, डी एल माहेश्वरी और उनकी पत्नी शशि महेश्वरी के अलावा महेश कुमार साहू ने मानवता की भलाई के लिए निकटवर्ती मेडिकल कॉलेज के नाम जारी की कुल पांच वसीयतें जो पवन केसवानी को प्रदान कीं। चिकित्सा अध्ययन एवं अध्यापन हेतु राजीव लोचन आयुर्वेद कॉलेज, चंदखुरी को अपना मृत शरीर दान देने के लिए पांचों देहदानियों के परिजनों ने उनकी वसीयतों में हस्ताक्षर करते हुए अपनी सहमति प्रदान की। देहदान जैसे पुनीत कार्य की सरहना करते हुए मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि मरने के बाद जिंदा समाज के लिए शरीर दान देने जैसी श्रेष्ठतम मानव सेवा नहीं हो सकती। विधायक ललित चंद्राकर के द्वारा देहदान हेतु संस्था प्रनाम एवं उनके अध्यक्ष पवन केसवानी के विगत 16 वर्षों के योगदान की मुक्त कंठ से सरहाना की गई। देहदान की काउंसलिंग के दौरान मातृ सेवा जनकल्याण समिति, धनोरा के प्रमुख पदाधिकारी प्रकाश कुमार नायक, उत्तम कुमार पटेल, पन्नालाल चंद्राकर, मंशाराम चंद्राकर, रमेश कुमार साहू आदि अनेक लोगों ने पवन केसवानी से कई प्रश्न पूछे और समाधान प्राप्त किया।

### गणतंत्र दिवस की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर ने सीएसईबी ग्राउंड का किया निरीक्षण

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने पुलिस अधीक्षक रामगोपाल गर्ग की मौजूदगी में गणतंत्र दिवस की तैयारियों के संबंध में रविशंकर स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, गाडियों की पार्किंग, झांकी के एंट्री-एक्जिट प्लान एवं सुरक्षा व्यवस्था के बारे में चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी तैयारियों को समय सीमा में पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। 24 जनवरी को गणतंत्र दिवस के संबंध में अंतिम रिहर्सल किया जाएगा। कलेक्टर ने स्थल पर मंच निर्माण सहित अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर अरविंद एक्का, गोकुल रावटे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में ध्वजारोहण प्रात: 8 बजे के पूर्व सम्पन्न कर लिए जाएंगे ताकि उन कार्यालयों के अधिकारी और कर्मचारी जिले के मुख्य समारोह में शामिल हो सके। गणतंत्र दिवस पर सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को रात्रि में प्रदेश के सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों तथा राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी की जाएगी। जनपद कार्यालयों में जनपद अध्यक्ष एवं नगरीय निकायों में नगरीय निकाय के महापौर या अध्यक्षों द्वारा ध्वजारोहरण किया जाएगा। पंचायत मुख्यालयों में सरपंच द्वारा एवं बड़े गांवों में गांव के मुखिया द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा और सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गान गाया जाएगा।

# गणतंत्र दिवस की हो समुचित तैयारी, रकबा समर्पण पर विशेष ध्यान देवें अधिकारी - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में अधिकारियों की बैठक में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की तैयारी, धान खरीदी, राजस्व प्रकरणों के निराकरण, मतदाता सूची में संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य, समय-सीमा प्रकरणों की विभागवार गहन समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर चौधरी ने गणतंत्र दिवस 26 जनवरी हेतु अधिकारियों को सौंपे गये कार्यों के अनुरूप संपूर्ण तैयारी करने के निर्देश दिए।**

उन्होंने कहा कि 24 जनवरी को प्रात: 9 बजे गणतंत्र दिवस रिहर्सल में सभी अधिकारियों की उपस्थिति जरूरी है। गरिमा के अनुरूप देश-भक्ति गीतों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हो। प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने के लिए चयन सूची का समिति द्वारा भली-भांति जांच कर ली जाए। झांकियों की प्रस्तुति होना है वे वाहन की उपलब्धता के लिए जिला परिवहन अधिकारी को अवगत कराए।



### केप कव्हर की व्यवस्था व रकबा समर्पण पर जोर

धान खरीदी की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने अवगत कराया कि जिले के 92 प्रतिशत किसान धान बेच चुके हैं, वहीं 88 प्रतिशत् किसानों ने रकबा समर्पण किया है। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने प्रतिकूल मौसम को ध्यान में रखते हुए खरीदे गये धान को सुरक्षित रखने केन्द्रों में डेनेट व्यवस्था और केप कव्हर की समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो किसान अभी तक धान नहीं बेच पाये है, उस पर राजस्व विभाग की टीम नजर रखे। वहीं जो किसान अपने उपार्जित धान बेच चुके हैं वे किसी दूसरे का धान और दोबारा ना बेच सकें। कलेक्टर ने खरीदी केन्द्रों के निरीक्षण में नियुक्त नोडल अधिकारी को इस पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य नियंत्रक को पंजीकृत ट्रेडर्स का स्टॉक जांच कराने और 10 जनवरी तक कटे डी.ओ. के आधार पर धान का उठाव हेतु मिलर्स का सत्यापन कराने निर्देशित किया।

### राशन कार्ड नवीनीकरण का कार्य 25 जनवरी से

कलेक्टर द्वारा राशन कार्ड नवीनीकरण कार्य समीक्षा के दौरान खाद्य नियंत्रक ने अवगत कराया कि 25 जनवरी से 29 फरवरी तक राशन कार्ड नवीनीकरण होना है। उचित मूल्य दुकान स्तर पर राशन कार्ड नवीनीकरण हेतु एप खाद्य अधिकारी/खाद्य नियंत्रक मॉड्यूल में उपलब्ध होगा। एप एन्ड्राइड आधारित मोबाईल/टेबलेट में सफलतापूर्वक इंस्टॉल कर खाद्य पोर्टल में उपस्थित लिंक द्वारा हितग्राही स्वयं आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने सभी जनपद सी.ई.ओ. को शासकीय उचित मूल्य दुकानों में राशनकार्ड नवीनीकरण आवेदन के संबंध में आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए। साथ ही खाद्य नियंत्रक को पोर्टल में आवेदन प्राप्ति राशन कार्ड बनाने व वितरण की जानकारी प्रतिदिन उपलब्ध कराने निर्देशित किया। उन्होंने सभी एस.डी.एम. को राशन कार्ड नवीनीकरण व शीघ्र वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लाये प्रगति

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने राजस्व प्रकरण संबंधित विवादित, नामांतरण, खाता विभाजन, व्यपर्तन, सीमांकन, विवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, तहसीलवार समीक्षा करते हुए समय-सीमा के अंदर प्रकरण निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने वृक्ष कटाई के संबंध में राजस्व शिविर के दौरान कटाई की गई वृक्ष की गणना तथा निजी खातेदार/सह खातेदार, आधार प्रविष्टियां हेतु हल्कावार पटवारियों को जिम्मेदारी देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने डिजिटल हस्ताक्षरित खसरों के कार्य में प्रगति लाने एस.एल.आर. को निर्देश दिए। इसी प्रकार सभी राजस्व न्यायालयों के निरीक्षण हेतु रोस्टर अनुसार टीम बनाने ए.डी.एम. को निर्देशित किया। उन्होंने सभी एस.डी.एम. को संबंधित क्षेत्र में स्वामित्व योजना की समीक्षा कर लेने कहा है। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने कहा है कि फील्ड विजिट के दौरान अधिकारी उन्हें सौंपे गए अन्य कार्यों का भी निरीक्षण करने सुनिश्चित करें।

# अमेरिका में हिंदी की ज्योत जगा रहे भिलाई के मयंक हिंदी यूएसए सेंट लुइस ने आयोजित की 6वीं वार्षिक हिंदी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** इस्पात नगरी भिलाई में पले-बढ़े मयंक जैन सात समंदर पार सेंट लुइस, मिसौरी, अमेरिका में हिंदी की ज्योत जगा रहे हैं। एक गैर-लाभकारी हिंदी पाठशाला हिंदी-यूएसए सेंट लुइस के माध्यम से मयंक जैन वहां के देश-विदेश और भारतीय मूल के बच्चों में हिंदी को बढ़ावा देने सक्रिय हैं। तीन दिन पहले 20 जनवरी को मयंक व उनके सहयोगियों ने छठवीं वार्षिक हिंदी कविता प्रतियोगिता आयोजित की। यह मध्य-पश्चिमी क्षेत्र अमेरिका की सबसे बड़ी हिन्दी प्रतियोगिता थी।

मयंक ने अपने इस प्रयास के बारे में बताया कि लगभग 6 साल पहले उन्होंने यह हिंदी स्कूल शुरू किया, ताकि वह यह सुनिश्चित कर सकें कि हमारी भाषा हमारी आगामी पीढ़ियों में संरक्षित रहे। खुद भी भिलाई में स्कूली स्तर की शिक्षा हिंदी माध्यम से पूरी करने वाले मयंक कहते हैं हिंदी भाषा वो माध्यम है, जिससे हम अपनी संस्कृति, त्योहार और परंपराओं से,अमेरिका में रह कर भी जुड़े रह सकते हैं। मयंक ने बताया कि उनके दोनों बच्चों का जन्म यहां अमेरिका में हुआ और दोनों भी पिछले 6 सालों से हिंदी लिखना-पढ़ना सीख रहे हैं। ठीक इसी तरह वह कोशिश कर रहे हैं कि यहां भारतीय मूल के साथ-साथ विभिन्न देशों के बच्चों में भी हिंदी की समझ पैदा करें। मयंक ने बताया कि उनकी पत्नी, डॉ. अंशु जैन भी भिलाई से हैं और इस पाठशाला की सह-संचालिका की जिम्मेदारी निभाते हुए सुनिश्चित करती हैं कि यहां हिंदी को बढ़ावा देने के साथ-साथ सभी सांस्कृतिक पहल उच्च गुणवत्ता के साथ हो।



### अमेरिका के 120 से अधिक छात्रों ने हिंदी भाषा में पढ़ी अपनी कविताएँ

मयंक जैन ने बताया कि सैंट लुईस के हिंदू मंदिर के सांस्कृतिक भवन में 20 जनवरी को हुई कविता प्रतियोगिता की ख़ास बात ये रही कि, अमेरिका में पल बढ़ रहे 120 से अधिक छात्रों ने अपनी कविताएँ हिंदी भाषा में बोली। बच्चों ने खूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसी, तुम मुझको कब तक रोकोगे जैसी अनेक हिंदी कविताएँ सुनाईं। बच्चों ने राम लला की प्राण प्रतिष्ठा, देश प्रेम, शिक्षक का महत्व, नारी शक्ति और सामाजिक चेतना के अन्य कई विषयों पर कविताएँ प्रस्तुत की। 28 छात्रों ने 8 विभिन्न हिंदी ग्रेड स्तरों पर शीर्ष स्थान हासिल किया। विजेता अब मार्च में होने वाले हिंदी यूएसए के इंटर-स्कूल राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।प्रतियोगिता को निष्पक्ष बनाए रखने निर्णायक मंडल में विश्व कांत त्रिपाठी, मीरा जैन, अशोक गंगवानी, डॉ. प्रदीप सिंह और सुमन रौसारिया शामिल थे।

### टीम से जुड़े हैं कई स्वयंसेवक

मयंक ने बताया कि उनका उद्देश्य अमेरिका हिंदी भाषा और भारतीय संस्कृति के ज्ञान का प्रसार करना है। इसमें उनके साथ स्वयंसेवक के तौर पर अनुपमा सिंह, पूजा शर्मा, सीमा जैन, मेघना लुंकड़, शुचि खंडेलवाल, शालिनी शर्मा, वीणा वैद्यनाथन, सारिका गौबा, दीपशिखा आनंद, निधि सिंह, कार्तिका वंदवासी, प्रितपाल सिंह बिंद्रा, वीणिता सिंह, सोनिया जैन, विजयेन्द्र तरुण, चेतन शाह, शशि मणि, बरखा रावत, करिश्मा खन्ना, नम्रता त्रिपाठी और अन्य लोग लगातार सक्रिय हैं।

## विधायक और आधिकारियों सहित नगरवासियों ने किया मानस गायन का श्रवण



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** अयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरा दुर्ग नगर भक्ति के रंग में रंग गया है। इस शुभ अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा कसारीडीह स्थित श्री रामजानकी मंदिर प्रांगण में श्री राम चरित मानस गायन का जिला स्तरीय आयोजन किया गया। विधायक दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव, संभागायुक्त एस. एन. राठौर आईजी बद्रीनारायण मीणा, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी और एसएसपीआर. जी. गर्ग सहित अन्य अधिकारी और नगरवासी मानस गायन का श्रवण किये। आयोजन में आनंद धारा मानस मंडली मालूद, सांई मानस परिवार अण्डा, उपासना मानस मंडली करेला, रघुनाथ मानस मंडली परसाही और जय मानस मंडली दारगांव धमधा नें राम चरित मानस का सूमधुर भक्तिमय प्रस्तुती दिये। अधिकारियों नें मानस मंडलियों को प्रस्तुती उपरांत स-सम्मान विदाई दिये। विधायक श्री यादव एवं अधिकारियों नें श्री रामजानकी मंदिर में पूजा अर्चना कर आस्था के दिप प्रज्वलित किये। इस अवसर पर मंदिर परिसर में नगर वासियों नें 5100 दिप प्रज्वलित कर मंदिर को रोशनी से जगमग किये।

# भारतीय सैन्यबलों में अग्निवीर भर्ती के लिए बच्चों को करें प्रोत्साहित - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज खालसा स्कूल में स्कूल, कॉलेज एवं आईटीआई प्राचार्या की अग्निवीर में भर्ती के संबंध में संयुक्त बैठक ली। उन्होंने सभी प्राचार्यो से बच्चों को अग्निवीर भर्ती परीक्षा में आवेदन करने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करने को कहा, ताकि अधिक से अधिक बच्चे आवेदन कर सके।

इस मौके पर उपस्थित सभी प्राचार्यो को वीडियो के माध्यम से अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की प्रक्रिया को बताया गया। कलेक्टर ने सभी प्राचार्यो से अपील की है कि वे अपने स्कूल, कॉलेज के बच्चों को इस भारतीय सैन्यबल की भर्ती परीक्षा में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर ने कहा कि आवेदन करने वाले आवेदकों को परीक्षा पूर्व



एक माह कोचिंग भी दिया जाएगा, जिसमें बच्चों को परीक्षा की तैयारी कराई जाएगी।

कलेक्टर ने विशेषतौर पर गरीब तबके के बच्चों को अग्निवीर सेना में भर्ती हेतु बच्चों को प्रोत्साहित करने को कहा। उन्होंने कहा कि 4 साल की अवधि के दौरान अग्निवीरों को प्रथम वर्ष 30 हजार भत्ता, द्वितीय वर्ष 33 हजार भत्ता, तृतीय वर्ष 36 हजार 500 एवं चतुर्थ वर्ष में 40 हजार भत्ता दिया जाएगा। चार साल की सेवा के पश्चात अग्निवीरों को 10.04 लाख ब्याज सहित सेवा आयकर से छुट योग्य रहेगा। इसके साथ 48 लाख का जीवन बीमा का लाभ भी दिया जाएगा। चार साल की सेवा के पश्चात सेवा निधि पैकेज और अग्निवीर कौशल विकास प्रमाण पत्र व कक्षा 12वीं का प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। प्रत्येक वर्ष 30 दिनों का वार्षिक अवकाश और चिकित्सा सलाह के आधार पर बीमारी से संबंधित अवकाश दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि भारतीय सैन्यबलों में अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन की प्रकिया आरंभ हो गई है। भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती हेतु 17 जनवरी 2024 से 06 फरवरी 2024 तक भारतीय वायुसेना के वेबसाईट के माध्यम से इच्छुक आवेदक आवेदन कर सकते है। भारतीय वायुसेना में भर्ती हेतु आवेदक की शैक्षणिक योग्यता 102/समकक्ष परीक्षा किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था या बोर्ड से गणित, भौतिकी एवं अंग्रेजी विषयों के साथ 50 प्रतिशत अंकों के साथ एवं अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक अथवा इंजीनियरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा कोर्स किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था से 50 प्रतिशत अंकों के साथ तथा अंग्रेजी में 50 प्रतिशत (मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल/आटोमोबाइल इल्स्ट्रूमेंटेशन इन्फोरमेशन टेक्नालॉजी) अथवा अव्यावसायिक कोर्सो के साथ 2 वर्ष का व्यावसायिक कोर्स भौतिकी या गणित विषयों में 50 प्रतिशत अंको के साथ तथा अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था से अथवा किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 102 या समकक्ष परीक्षा 50 प्रतिशत अंकों के साथ जिसमें अंग्रेजी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। आवेदक की आयु 2 जनवरी 2004 से 2 जुलाई 2007 के बीच जन्म लिया हुआ होना आवश्यक है। आवेदक की उंचाई पुरुष 152.50 से.मी एवं महिला आवेदक 147 से.मी. होना आवश्यक है।

इसी प्रकार भारतीय थल सेना में अग्निवीर के रूप में भर्ती हेतु इच्छुक आवेदक 08 फरवरी 2024 से 21 मार्च 2024 तक भारतीय थल सेना के वेबसाईट का आवेदन कर सकते है। भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु आवेदकों की अर्हता अग्निवीर सामान्य ड्यूटी में 10वीं कक्षा 45 प्रतिशत अंकों से (प्रत्येक विषय में 33 प्रतिशत अंक) अग्निवीर टेक्निकल में 12वीं कक्षा (भौतिक रसायन, गणित एवं अंग्रेजी के साथ 50 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण प्रत्येक विषय 40 प्रतिशत अंकों के साथ, मान्यता प्राप्त संख्या से आईटीआई/डिप्लोमा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अग्निवीर क्लर्क में 102 इंटरमीडिएट परीक्षा किसी भी विषय में 60 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

# रामलला के आने की खुशी में जगमगा उठा दुर्ग का गंजपारा चारों ओर लगे जय श्रीराम के नारे, मनाई गई दीपावली

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। 22 जनवरी को अयोध्या धाम में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। हर शहर कस्बें में श्री राम के नाम के नारे लगे। घरों में दुकानों में सड़कों पर भगवा झंडे लगाए गए एवं घर घर दिल जलाए गए। गंजपारा समेत दुर्ग शहर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह दीपावली की तरह मनाया गया। हर शहर में लोगों ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण देखा। भगवान श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा का विशेष उत्सव दुर्ग के गंजपारा में देखने को मिला जहां पूरे सप्ताह श्री राम नाम की गूंज सुनाई देती रही।**

गंजपारा में इस उत्सव को पूरे एक सप्ताह बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया। जिसमें अंतिम दिवस 22 जनवरी अयोध्या धाम श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिवस प्रात: 9 बजे सत्तीचौरा हनुमान मंदिर में विराजमान श्री राम दरबार का अभिषेक, पूजन, प्रात:



10 बजे माँ दुर्गा मंदिर में विराजमान श्री राम दरबार का अभिषेक एवं पूजन, दोपहर 12 बजे 56 भोग लगाया गया। समित्ति के डब्बू चंद्रवंशी एवं गुड्डू कश्यप ने बताया कि पूरे गंजपारा को भगवा रंग के तोरण, विशेष आकर्षित लाइट, एवं बड़े बड़े बोर्ड से सजाया गया है, जोकि आकर्षण बना हुआ है। श्री राम दरबार की छोटे छोटे बच्चों द्वारा झांकी बनाई गई, बाल रूप में बजरंग बली पूरे दिन नाचते रहे, जिसे धर्मप्रेमी भी झूमते रहे। शाम 6:30 बजे श्री हनुमान चालीसा का पाठ, संध्या 7 बजे श्री राम जी की 108 दीपों एवं 108 पूजा थाल से महाआरती एवं पूजन किया गया। कार्यक्रम में गंजपारा वासियों को अयोध्या मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया, यहां पर अयोध्या से सीधा प्रसारण देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी हुई थी। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो जाने के बाद छोटे छोटे बच्चों के द्वारा घंटानाद और शंखनाद किया गया। इसके बाद सुंदरकांड का पाठ और हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। सुबह 10 बजे से देर रात्रि तक बोलबम सेवा समिति, गंजपारा, दुर्ग एवं धर्मप्रेमियों द्वारा प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें हजारो धर्मप्रेमियों ने प्रसादी ली, प्रसादी में सुबह से रात्रि तक पोहा, जलेबी, खीर, भजिया, पुलाव, खिचड़ी, फल, पूड़ी सब्जी, एवं 56 भोग का वितरण किया गया।

शाम ढलते ही पूरा गंजपारा दीपों से जगमगा उठा, दीपावली के पर्व की तरह गंजपारा में लोगों ने घरों, लोगों ने अपने घरों व दुकानों में 5-5 दीपक जलाए। दीपों के अलावा लोगों ने अपने घरों को रंग बिरंगी लाइटों एवं आंगन को रंगोली से सजाया था। सत्तीचौरा में में जय श्री राम के भगवा झंडे लहराती दिखी महिलाएं। लोगों में राम को लेकर ऐसा उत्साह देख किसी के भी मन में राम नाम लेने का मन कर जाएगा। देर रात्रि तक श्री राम नाम के भजनों में पूरा गंजपारा झूमता रहा।

कार्यक्रम में राजेन्द्र साहू, अशोक राठी, महेश टावरी, मनोज गुप्ता लाला, पिंकी गुप्ता, राजेश शर्मा, मनोज भूतड़ा, सुरेश गुप्ता, ललित शर्मा,अशोक गुप्ता, इंद्राणी कुलेश्वर साहू, पार्षद, ऋषभ जैन पार्षद, विनय मिश्रा, गोपाल शर्मा, राहुल शर्मा, ईशान शर्मा, अर्जित शुक्ला, योगेन्द्र शर्मा बंटी, प्रकाश सिन्हा, नरेंद्र गुप्ता, बसंत शर्मा, विजय मनहरे, आशीष गुप्ता शिशु शुक्ला, संदीप गुप्ता, गोविंद गुप्ता, सुंदर गुप्ता, दिनेश शर्मा, सुजल शर्मा, रिषी गुप्ता, मोहित पुरोहित, मनीष सेन, शरद भूतड़ा, रवि शर्मा, राहुल राठी, आशीष मेश्राम, प्रकाश कश्यप, कृतज्ञ शर्मा, सोनल सेन, प्रशांत कश्यप तथा महिलाओ में शकुन देवी दुबे, पायल जैन नवकार परिसर, सरिता शर्मा, किरण शर्मा, प्रभा दुबे, सिंधु गुप्ता, चंचल शर्मा, मिथला शर्मा, मनोरमा शर्मा, चंदा शर्मा, आभा शर्मा, चंचल शर्मा, सुमन शर्मा, शिल्पी शर्मा, प्रज्ञा शर्मा, प्रतिभा गुप्ता, सुनीता गुप्ता, भारती यादव, मनीषा गुप्ता, बबीता गुप्ता, माया वर्मा, सुनीता वर्मा एवं समस्त गंजपारा वासी और हजारों धर्मप्रेमी उपस्थित हुए।

## कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए किए जा रहे लगातार कार्य

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं, जिसके कारण कुपोषण की स्थिति मध्यम श्रेणी में आ गया है। मुख्यमंत्री सुपोषण योजना के तहत 1 से 3 वर्ष के बच्चों को एवं गर्भवती महिलाओं को गर्म भोजन प्रदाय किया जा रहा है। 6 से 54 माह के कुपोषित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को चिक्की प्रदाय किया जा रहा है। रेडी टू ईट नाश्ता एवं गर्म भोजन हेतु 06 माह से 03 वर्ष के सामान्य बच्चों एवं मध्यम कुपोषित बच्चों को प्रतिदिन रेडी टू ईट 125 ग्राम दिया जाता है।

ऐसी ही एक कहानी बच्चे अरमान चक्रधारी की है। वह खाना नही खाने के कारण दिन ब दिन कमजोर होता गया। वह सुस्त रहता था अरमान कमजोरी के चलते अन्य बच्चों की तरह एक्टीव नही रहता था। उसकी स्थिति को देखते हुए समूहों द्वारा प्रेरित करने के बाद एनआरसी में भर्ती कराया गया। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और परियोजना अधिकारी ने वजन निगरानी करके व पोषण आहार दिलाकर बड़ी मदद की। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत अरमान को प्रतिदिन बाल संदर्भ सेवा से प्राप्त दवाईयों का नियमित सेवन तथा आंगनबाड़ी में दिए जाने वाले रेडी टू ईट का सेवन कराया गया। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत रोज गर्म पोष्टिक भोजन देने की वजह से वजन में एक किलो की बढ़ौतरी हो गई इससे वह कुपोषण के मध्यम श्रेणी में आ गया। जुलाई 2023 में इसका वजन 12.900 किलोग्राम था। माह अक्टूबर 2023 में इसका वजन 13.600 किलोग्राम हो गया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950